दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 268
कोटद्वार शनिवार
4 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## एफएए पेपर लीक मामले में सीबीआई का एक्शन, जम्मू में 35 से अधिक स्थानों पर मारा छापा

**जम्मू एजेंसी,** । जम्मू-कश्मीर में वित्त लेखा सहायक (एफएए) परीक्षा को लेकर कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने शुक्रवार को जम्मू क्षेत्र में 35 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है पिछले साल लगभग एक लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे और उन्होंने विभाग पर इस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने का आरोप लगाया था। अभ्यर्थियों ने इस मामले को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया था उसके बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने न्याय और आरोपों की जांच का आश्वासन दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सीबीआई की टीमों ने आज सुबह जम्मू के 35 स्थानों सहित क्षेत्र के छह जिलों में 37 स्थानों पर छापेमारी की।

# भर्ती परीक्षाओं की गड़बड़ियों में किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाले किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। सरकार ने इस नासूर को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है।

शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि परीक्षाओं में गड़बड़ी और बेटे-बेटियों के भविष्य को लेकर सरकार की मंशा और कार्य पहले दिन से ही स्पष्ट है। सरकार ने तब भी कहा था कि कहीं कोई भी गड़बड़ी किसी परीक्षा में पाई जाती है तो उस पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भर्तियों में गड़बड़ी का जो पुराना कैंसर लगा है और नासूर बना है, जब तक उसकी पूरी सफाई नहीं हो जाती है, तब सरकार लगातार कारवाई करती रहेगी

लोक सेवा आयोग की जेई और एई के लिए जो भर्ती परीक्षाएं हुई थी, उसमें भी कुछ शिकायतें मिली थी। सरकार ने इसकी प्रारंभिक जांच कराई तो कई गड़बड़ियों की पुष्टि हुई है।

धामी ने कहा कि राज्य सरकार पूरे सिस्टम को सुधारने के लिए त्संकल्प है। यूकेपीएससी की एई और जेई परीक्षाओं में शिकायतें मिलने पर तुरंत जांच के आदेश दिए गए थे और मुकदमा पंजीत कर लिया गया है। इनमें जो भी संलिप्त पाया जाएगा, उस पर सख्त कारवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहले भी विभिन्न भर्तियों में गड़बडी करने वालों को जेल भेजा गया है। ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है कि पूरे पारदर्शी और साफ सुथरे तरीके से भर्ती परीक्षाएं हो। भर्ती कैलेंडर जारी कर उसके अनुरूप परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। सरकार प्रदेश के युवाओं के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी।



### सख्त नकल विरोधी कानून इसी कैबिनेट में

राज्य सरकार भर्ती परीक्षाओं में नकल पर लगाम लगाने के लिए इसी कैबिनेट में नकल विरोधी अध्यादेश लाने जा रही है। 10 फरवरी को यह बैठक होगी। अध्यादेश का ड्राफ्ट तैयार करने के बाद कार्मिक और न्याय से भी इसका परामर्श ले लिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने फिर दोहरया कि यह देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून होगा।

## कुलगाम में जैश का भंडाफोड़, छह आतंकी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार

**श्रीनगर , एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मड्यूल का भंडाफोड़ कर छह आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। कुलगाम पुलिस को इलाके में कुछ आतंकियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी।

इसके बाद 9 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया गया। एक विशेष ठिकाने से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद कर छह आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मौके से चार यूबीजीएल गोले, 446 गोलियां, तीस एके 47, दो मोर्टार शेल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी, कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा को लेकर की अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट करके इसके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि श्प्रधानमंत्री जी, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मिलकर अपने दुखद हालात बताए। आतंकियों की टारगेटेड किलिंग के शिकार कश्मीरी पंडितों को बिना सुरक्षा गारंटी घाटी में जाने के लिए विवश करना निर्दयी कदम है। आशा है, आप इस विषय में उचित कदम उठाएंगे।

इस ट्वीट के साथ ही उन्होंने चिट्ठी को भी शेयर किया है। कांग्रेस नेता द्वारा शेयर की गई चिट्ठी दो फरवरी की है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान कश्मीर घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडित समुदाय की ओर आष्ट कराया है। उन्होंने लिखा कि हाल के दिनों में घाटी में आतंकियों द्वारा की गई कश्मीरी पंडितों और अन्य लोगों की हत्या के कारण भय और निराशा का माहौल बन गया है।

# अखिलेश यादव के काफिले के साथ हादसा, आपस में टकराई छह गाड़ियां



**हरदोई, एजेंसी।** हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के काफिले में साथ चल रही आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां आपस मे टकरा गईं। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कस्बे के सपा कार्यालय से हरिपालपुर के लिए जा रहे थे। शुक्रवार की दोपहर को कटरा बिल्हौर हाइवे पर फरहतनगर रेलवे क्रसिंग पर ब्रेकर के पास पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के फ्लीट की गाड़ियां आगे निकल गईं।

ब्रेकर के चलते तेज गति से साथ मे चल रही एक कार्यकर्ता की गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसके चलते साथ में चल रही दो फार्च्यूनर सहित सात गाड़ियां आपस मे टकरा गईं। इस हादसे में करीब चार लोग घायल हो गए।कार्यकर्ताओ ने सभी घायलों को साथ में चल रही एम्बुलेंस से मीडिया कर्मी नसीम खान (28) निवासी रुदामऊ थाना माधौगंज, मुनेंद्र यादव (35) निवासी बिलग्राम को मल्लावां सीएचसी और वसीम वारसी (60) निवासी संडीला को माधौगंज सीएचसी पर भर्ती कराया गया।वहीं, कप्तान सिंह निवासी संडीला और अन्य कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आई हैं। कोतवाल शेषनाथ सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियां नहीं टकराईं थीं। पीटे चल रहे कार्यकर्ताओं की गाड़ियां एक दूसरे से टकराईं हैं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।बता दें कि अखिलेश यादव हरपालपुर थाना क्षेत्र के बैठापुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उनका कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। वहीं, कार्यक्रम से लौटते समय फरहतनगर क्रसिंग मोड़ पर हादसा हो गया।इसी मोड़ पर गति धीमी होने से गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। हादसे में चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने गाड़ियों को रोड के किनारे लगाकर यातायात सुचारू बनाए रखा है।

## पंजाब कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति को दी मंजूरी

**चंडीगढ़ एजेंसी,** । पंजाब कैबिनेट ने शुक्रवार को वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 को मंजूरी दे दी। यह फैसला मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए, कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 को मंजूरी दी है, जो वाहनों के उत्सर्जन को कम करने, बुनियादी ढांचा तैयार करने, विनिर्माण, अनुसंधान और विकास, रोजगार सृजन, स्थिरता सुनिश्चित करने के अलावा पंजाब को इलेक्ट्रिक वाहनों, पुजरें और बैटरियों के निर्माण के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है।

# देश के आगामी चुनाव में रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल के लिए कोई प्रस्ताव नही: किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में शुक्रवार को सूचित किया गया है कि देश के आगामी चुनाव में रिमोट इलेक्ट्रनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) का उपयोग करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। यह एनआरआई मतदाताओं के उपयोग के लिए भी प्रस्तावित नहीं किया गया है। संसद के निचले सदन में एक प्रश्न के उत्तर में, कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक लिखित उत्तर में कहा कि चुनाव आयोग (ईसी) के अनुसार आगामी चुनावों के लिए आरवीएम पेश करने का प्रस्ताव नहीं दिया है।

इस साल कई विधानसभा चुनाव होने हैं और साल 2024 में लोकसभा चुनाव भी होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने यह भी सूचित किया है कि एनआरआई मतदाताओं के उपयोग के लिए आरवीएम प्रस्तावित नहीं है। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रनिक करपोरेशन अफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) ने चुनाव आयोग और पोल पैनल की तकनीकी विशेषज्ञ समिति के मार्गदर्शन में मल्टी कांस्टीट्यूएंसी रिमोट इलेक्ट्रनिक वोटिंग मशीन का एक प्रोटोटाइप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को एक नोटिस भेजा है जिसमें उनसे दूरस्थ मतदान के जरिए मतदान में प्रवासियों की भागीदारी को सुधारने के लिए कहा गया है।

नोटिस में प्रवासी मतदाता को परिभाषित करने, क्षेत्रीय अवधारणा को संबोधित करने, दूरस्थ मतदान की विधि और वोटों की गिनती, आदर्श आचार संहिता को लागू करने और स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित वातावरण स्थापित करने जैसे कई मामले शामिल हैं। चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए विवरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि आरवीएम की शुरुआत होने से फर्जी वोट नहीं बढ़ेंगे। ईसीआईएल द्वारा विकसित प्रोटोटाइप श्आरवीएमश मौजूदा ईवीएम पर आधारित एक मजबूत प्रणाली है। इसके जरिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, चुनाव आयोग के नियम और विभिन्न दिशा-निर्देश यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदाता की पहचान सही है या नहीं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पिछले महीने रिमोट वोटिंग पर चुनाव आयोग के प्रस्ताव को प्रगति पर बताया था। साथ ही उन्होंने कहा था कि यह कोई आसान विषय नहीं है और लोकतंत्र में ऐसे फैसलों पर निर्णय लेने में समय लगता है। दूरस्थ मतदान पर हाल ही में सर्वदलीय परामर्श पर किए गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा था कि पूरे दिन मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ इस पर की गई चर्चा की गई जो काफी सफल रही। इस चर्चा के दौरान 30 करोड़ लापता मतदाता का मामला सुर्खियों में आया।

## हिंडनबर्ग मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, जनहित याचिका में शर्ट सेलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। इस जनहित याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक शर्ट सेलर्स नाथन एंडरसन के साथ ही उनकी भारतीय संस्थाओं के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की गई है। जानकारी के मुताबिक, अधिवक्ता एमएल शर्मा ने यह याचिका दाखिल की है।

अपनी याचिका में अधिवक्ता एमएल शर्मा ने याचिका में लाखों निर्दोष निवेशकों का शोषण करने और उन्हें ठगने के लिए एंडरसन और उनके सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की है। साथ ही उन निवेशकों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, जिन्हें शेयर की कीमत में गिरावट के कारण नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, याचिका में आईपीसी की धारा 420 और 120-बी (भारतीय दंड संहिता) के तहत धारा 15एचए सेबी अधिनियम के साथ शर्ट सेलर्स (एंडरसन और भारत ध् यूएसए में उनके सहयोगियों) के खिलाफ मुकदमा चलाने और प्राथमिकी दर्ज करने की जांच की मांग की गई है। याचिका में यह आरोप भी लगाया गया कि एंडरसन और उनकी भारतीय संस्थाओं ने एक आपराधिक साजिश रची और उसके बाद 25 जनवरी, 2023 को उन्होंने शोध रिपोर्ट के रूप में एक मनगढ़ंत खबर जारी की, जो अदाणी समूह की कंपनियों के लिए नुकसानदायक थी। याचिका में दलील दी गई है कि इस रिपोर्ट के आने के बाद जब शेयर बाजार में गिरावट आई तो उन्होंने सबसे कम दर पर अपनी शर्ट सेल की स्थिति को बेहतर कर लिया।

याचिका के अनुसार, शर्ट सेलर्स नाथन एंडरसन ने भारत के कई नागरिकों को धोखा देकर अरबों का मुनाफा हासिल किया है। याचिकाकर्ता ने शर्ट सेलिंग को धोखाधड़ी का अपराध घोषित करने और निवेशकों पर आईपीसी की धारा 420 और सेबी अधिनियम 1992 की धारा 15एचए के तहत मुकदमा चलाने का भी आग्रह किया है। साथ ही याचिकाकर्ता ने संवैधानिक सवाल भी उठाए हैं, जिन पर फैसला किए जाने की जरूरत है। याचिकाकर्ता की तरफ से सवाल यह था कि क्या सेबी निवेशकों की सुरक्षा के लिए शर्ट सेलिंग स्टक में ट्रेडिंग को निलंबित करने के लिए बाध्य नहीं है? नाथन एंडरसन हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक हैं। उनके द्वारा पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी, जिसके कारण अदाणी समूह की फर्मों की संपत्ति में भारी गिरावट आई है।

# अदाणी समूह के शेयरों में उथल-पुथल पर वित्त सचिव की प्रतिक्रिया, बोले- ये छोटी बात का बतंगड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट से पैदा हुई शेयर बाजार की उथल-पुथल मैक्रोइकनमिक दृष्टिकोण से ये बस बात का बतंगड़ भर है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सार्वजनिक वित्तीय प्रणाली मजबूत है। वित्त मंत्रालय के सबसे वरिष्ठ नौकरशाह ने यह भी कहा कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव सरकार की चिंता का विषय नहीं है और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र नियामक हैं।

अदाणी समूह पर धोखाधड़ी के आरोपों का बैंकों और बीमा कंपनियों के समूह में निवेश को देखते हुए वित्तीय प्रणाली पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूटे गए एक सवाल के जवाब में सोमनाथन ने कहा कि भारत के सार्वजनिक वित्तीय संस्थान मजबूत हैं।

अपने बयान में उन्होंने कहा कि शवित्तीय स्थिरता के दृष्टिकोण से जमाकर्ताओं या पलिसीधारकों या इन संस्थानों में शेयर रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए चिंता की कोई बात नहीं है। किसी एक कंपनी की हिस्सेदारी ऐसी नहीं है जिससे वृहद स्तर पर कोई प्रभाव पड़े। इस दृष्टिकोण से कोई चिंता की बात नहीं है।

अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत पिछले साल दिसंबर के अपने उच्चतम स्तर 4190 रुपये के स्तर से लगभग 70 प्रतिशत तक लुढ़क गए हैं। अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट के कारण सेंसेक्स जनवरी महीने से अब तक 1000 अंकों तक लुढ़क गया है।

## गर्भवती ने एंबुलेंस में दिया नवजात को जन्म

**पिथौरागढ़।** सल्ला चिंगरी की एक गर्भवती ने 108 एंबुलेंस में नवजात को जन्म दिया। बीते देर रात विद्या देवी पत्नी अशोक सिंह के प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने मदद को आपातकालीन सेवा को कल किया। कर्मी महिला का जिला मुख्यालय लेकर आ रहे थे। गुरना मंदिर के समीप गर्भवती की प्रसव वेदना बढ़ गई। इस पर फार्मासिस्ट नीरज कुमार और चालक नरेंद्र सिंह ने सड़क किनारे खड़े कर गर्भवती का प्रसव कराया। 108 जिला प्रभारी भाष्कर शर्मा ने बताया कि जच्चा-बच्चा को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। यहां दोनों की स्थिति सामान्य है। इधर परिजनों ने आपातकालीन सेवा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि महिला का यह पहला बच्चा था।

## खीरी के युवक ने की दून में आत्महत्या

**देहरादून।** खीरी जिले के युवक ने दून में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दून में परिवार के साथ मजदूरी करता था। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि शुक्रवार को मानव विहार, नथुवावाला स्थित किराये के कमरे में युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रदीप (27) निवासी दखेरवा भकेरवा खालसा थाना निगासन जिला खीरी, यूपी फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल भिजवाया गया।

वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। प्रदीप के जान देने की वजह को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

# युवा स्वयं में लीडरशिप का विकास करें : सीएम

### मुख्यमंत्री ने किया एनसीसी कैडेट्स व आरडीसी दल को सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एनसीसी कैडेट्स व आरडीसी दल को सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व में हमारे देश की पहचान एक युवा देश के रूप में होती है, देश ही नहीं बल्कि हमारा प्रदेश भी एक युवा प्रदेश है। देश में आज युवा सोच है और देश का युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जिस देश के युवाओं में अनुशासन हो, दृढ़ इच्छाशक्ति हो, निष्ठा हो और लगन हो, उस देश का तेज गति से विकास कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को स्वयं में लीडरशिप का विकास करना होगा। युवा जिस भी क्षेत्र में जाए, वहां नेतृत्व करें।

मुख्यमंत्री ने कैडेट् अंजलि नेगी, कैडेट् प्रिया पाण्डेय, कैडेट् आरती सिंह (घुड़सवारी में कांस्य पदक), कैडेट् यश पाण्डेय (बैण्ड मास्टर), कैडेट् मनोज सिंह बिष्ट (घुड़सवारी में कांस्य पदक), शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये फलाईग कैडेट् अविनाश, कैडेट मंयक काला, कैडेट् गिरीश जोशी, कैडेट् तन्वी, कैडेट् अदिति कौशिक और कैडेट् प्रियंका पनेरू को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर उत्तराखण्ड की झांकी मानसखण्ड को प्रथम स्थान मिलना प्रत्येक उत्तराखण्डवासी के लिये गर्व का विषय है। कहा कि एनसीसी जैसे गौरवशाली संगठन से जुड़ना प्रत्येक युवा के लिए गर्व का विषय है। एनसीसी संगठन से ज्यादा एक मिशन है, जिसका उद्देश्य देश की युवाशक्ति में अनुशासन, दृढ़ निश्चय और राष्ट्र के प्रति निष्ठा की भावना को मजबूत करना है। देश के किसी भी हिस्से में जब भी कभी कोई संकट या आपदा आई, एनसीसी के कैडेट्स ने हमेशा पूर्ण समर्पण भाव के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि विद्यार्थी जीवन के दौरान वह भी एनसीसी का कैडेट रहे हैं। एनसीसी के माध्यम से जिस अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठता और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव को उन्होंने अंगीकार किया वह आज प्रदेश के मुख्य सेवक के रूप में कार्य करते हुए उनके सबसे अधिक काम आ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, एडीजी उत्तराखण्ड एनसीसी निदेशालय मेजर जरनल पीएस दहिया, कंटीजेंट कमांडर आरडीसी 2023 लेफ्टिनेंट कर्नल दीपेन्द्र सिंह समेत एनसीसी के अधिकारी-कर्मचारी एवं कैडेट्स मौजूद रहे।

# उद्योग विभाग के माध्यम से होगा इंटरप्रिटेशन केंद्र रुद्रप्रयाग एवं सोनप्रयाग का संचालन



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिले में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति (डीटीडीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों विकासखंडों के ब्लॉक प्रमुखों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। जनपद में विभिन्न स्थानों में स्थापित वीडियो वॉल का संचालन इथिक के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करने की संस्तुति की गई। इंटरप्रिटेशन केंद्र रुद्रप्रयाग एवं सोनप्रयाग का संचालन उद्योग विभाग के माध्यम से शुरू करने की संस्तुति दी गई। शुक्रवार को जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में समिति द्वारा सोनप्रयाग रैन बसेरा के सफल संचालन हेतु वुड स्टोन के माध्यम से संचालन के लिए 25 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से किराया निर्धारित की संस्तुति की गई। पर्यटन विभाग के अधीन रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा एवं गुप्तकाशी में पार्किंग के संचालन हेतु निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए। रुद्रप्रयाग जवाड़ी बायपास पर निर्माणाधीन पार्क का टिकट व्यवस्था के आधार पर संचालन की संस्तुति की गई। चिरबटिया में पर्यटन केंद्र के संचालन के संबंध में ब्लॉक प्रमुख एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर जिसमें स्वयं सहायता समूह एवं स्थानीय संस्थाओं के साथ पर्यटन केंद्र संचालन के संबंध में आवश्यक चर्चा की जाए। जनपद में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अलकनंदा नदी में राफ्टिंग शुरू करने के लिए जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि जनपद में जल्द से जल्द राफ्टिंग का कार्य शुरू किया जा सके तथा जनपद में आने वाले पर्यटक राफ्टिंग का आनंद ले सकें। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि जनपद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उन योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता से सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद वासियों सहित आने वाले पर्यटकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो सके तथा जनपद को पर्यटन की दृष्टि से एक नई पहचान उपलब्ध हो सके।



## महिलाओं का मददगार बनेगा गौरा शक्ति ऐप :सीओ

रुड़की। मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में छात्राओं और शिक्षिकाओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी गई। सीओ पल्लवी त्यागी ने कहा कि मुसीबत के समय यह एप मददगार साबित होगा। शुक्रवार को सिविल लाइंस पुलिस ने ऐप को लेकर जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। सीओ ने कहा कि इस ऐप से महिलाएं किसी भी विपरीत परिस्थिति में पुलिस को सूचित कर सकेंगी। सीओ रुड़की ने छात्राओं, शिक्षिकाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने आस पड़ोस में रहने वाली महिलाओं को भी इस संबंध में जानकारी दें। महिला उप निरीक्षक वंदना नेगी ने सभी शिक्षिकाओं के फोन में ऐप डाउनलोड करवाया।



## ट्रांसफार्मर उतारकर तेल और उपकरण चोरी

रुड़की। मेहवड़ कलां गांव में चोरों ने ट्रांसफार्मर उतारकर उसमें से तेल और उपकरण चोरी कर लिए। ऊर्जा निगम के जेई राहुल गिरी ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। बीते गुरुवार रात गांव में लगे 250 केवी का ट्रांसफार्मर को चोरों ने नीचे उतारकर तेल और कीमती सामान चोरी कर लिए। रात में बिजली जाने से गांव में अंधेरा छा गया। सुबह होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना ऊर्जा निगम के जेई को दी। सूचना पर ऊर्जा निगम के जेई ने मौका मुआयना किया। जेई राहुल गिरी ने बताया कि पुलिस को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है

## नशे के सौदागर दंपत्ति समेत चार गिरफ्तार

ऋषिकेश। शहर और सटे इलाकों में नशीले मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर ही दंपत्ति समेत चार लोगों को पकड़ा है। आरोपियों से पुलिस ने 45 ग्राम स्मैक बरामद की है। एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।रायवाला पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर रेलवे अंडर पास के नजदीक एक महिला और युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े नजर आए। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने हिरासत में लेकर तलाशी ली तो 30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि दोनों पति–पत्नी है। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि आरोपी शकील अहमद पुत्र सगीर हसन, निवासी मोहल्ला गिनोरी सिरसी, थाना मैनाठेर, संभल यूपी और उसकी पत्नी नाजरा को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर, कोतवाली पुलिस ने एम्स कैंपस से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान युवक से 7.86 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी तरजीत पुत्र गुरभेज सिंह, निवासी वार्ड नंबर पांच, अमलोह, फतेगढ़ साहिब, पंजाब के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि पुलिस नगर क्षेत्र में नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। मुनिकीरेती पुलिस ने गंगोत्री नेशनल हाईवे स्थित हर्बल गार्डन के पास से एक युवक को स्मैक के साथ दबोचा। आरोपी से पुलिस ने 7.20 ग्राम स्मैक बरामद की। प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि आरोपी सूरज पुत्र स्व. भिखारी लाल साहनी निवासी चंद्रेश्वरनगर, ऋषिकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सीता प्रतिमा निर्माण में हर संभव मदद करेंगे संत

ऋषिकेश। राम तपस्थली ब्रह्मापुरी आश्रम में संत संवाद संगोष्ठी हुई। संतों ने सीतामढ़ी में 251 फीट उंची सीता की प्रतिमा के निर्माण कार्य के निर्णय को लेकर रामायण रिसर्च काउंसिल की सराहना की। संगोष्ठी में ऋषिकेश मेयर अनिता ममगाईं को सीता सखी समिति की उत्तराखंड प्रदेश संयोजक मनोनीत किया गया। शुक्रवार को राम तपस्थली ब्रह्मापुरी आश्रम में रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्वावधान में संत संवाद संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज ने कहा कि हमें भगवान श्रीराम और रामायण के मानव कल्याण संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयत्न करना चाहिए। महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने कहा कि काउंसिल के तत्वावधान में माता सीता के प्राकट्य स्थल सीतामढ़ी में 251 फीट उंची सीता माता की प्रतिमा का निर्माण किया जाना है, जो एक ऐतिहासिक कार्य है। संतों को इसमें अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि उत्तराखंड में संत समाज को जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान काउंसिल की ओर से ऋषिकेश मेयर अनिता मामगाईं को सीता सखी समिति के लिए उत्तराखंड प्रदेश का संयोजक मनोनीत किया गया। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता सीता पूरे विश्व की महिलाओं के लिए एक ऐसी आदर्श नारी हैं, जो सदियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगी। उनका सौभाग्य है जो उन्हें ये महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। उत्तराखंड में इस समिति के अंतर्गत वह अभियान चलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का प्रयत्न करेंगी। मौके पर महंत स्वामी केशव स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, महंत लोकेश दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शंकर तिलक महाराज, स्वामी अखंडानंद सरस्वती, महंत निर्मल दास महाराज, महंत जगदीश प्रपन्नाचार्य महाराज, महंत परमानन्द दास महाराज, महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज, महंत पवन दास, काउंसिल अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, उपाध्यक्ष कमल चिब, जय दीक्षित, काउंसिल सचिव पीताम्बर मिश्र, शशांक आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कोरुवा में छात्राओं को मिलेगी छात्रावास की सुविधा

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को जल्द ही छात्रावास की सुविधा मिलेगी। इन दिनों विद्यालय परिसर में छात्रावास निर्माण कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है। इससे पूर्व विद्यालय का उच्चीकरण कर इंटरमीडिएट कर दिया गया है। वर्तमान शिक्षा सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जनजाति क्षेत्र की 150 छात्राएं अध्ययनरत हैं। एक दशक पूर्व इस विद्यालय की स्थापना जनजाति क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा मुहैया कराने के लिए की गई थी। खास्कर उन बालिकाओं को इस विद्यालय में प्रवेश दिया जाता है, जो पांचवी के बाद विद्यालय जाना छोड़ देती हैं। शुरुआत में ऐसी पचास बालिकाओं को कक्षा छह में प्रवेश दिया गया था। विद्यालय में छात्राओं को भोजन, पाठ्य सामग्री और अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाती है। स्थानीय लोग विद्यालय के उच्चीकरण और छात्रावास निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे थे। अब विद्यालय को इंटर स्तर तक उच्चीकृत करने के बाद छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है।

### वन गोष्ठी का आयोजन किया

उत्तरकाशी। भूमि संरक्षण वन प्रभाग की ओर से ग्राम पंचायत निराकोट में शुक्रवार को वन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय कर्मचारियों की ओर से ग्रामीणों से वनों को आग से बचाने की अपील की गई।

शुक्रवार को निराकोट में वन सुरक्षा व जन जागरूकता पर आयोजित गोष्ठी वन दरोगा विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। गोष्ठी में वनों को आग से बचाने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से गांव के लोग कई सालों से जंगलों को बचाने में सहयोग करते आ रहे हैं, इस सीजन में भी उसी तरह का सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर वन सरपंच देवेश्वरी भट्ट ने कहा कि जंगलों का संरक्षण करने के लिए वन विभाग के भरोसे नहीं रहना चाहिए। ग्रामीणों को अपने प्रयासों से इस तरह की स्थिति से निपटना होगा।

## पुण्यतिथि पर स्व. त्रेपन सिंह को किया याद

ऋषिकेश। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. त्रेपन सिंह नेगी की 27वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया। वक्ताओं ने स्व. त्रेपन सिंह नेगी द्वारा किए गए कार्यों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

शुक्रवार को रेलवे मार्ग स्थित कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व सांसद स्व. त्रेपन सिंह नेगी की 27वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व पालिका अध्यक्ष विरेंद्र शर्मा ने कहा कि पूर्व सांसद त्रेपन सिंह नेगी ने देश की आजादी में जहां अपना योगदान दिया, वहीं टिहरी राजशाही को खत्म करने के लिए अथक प्रयास किए थे। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि स्व. त्रेपन सिंह नेगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ ही छठी और सातवीं लोकसभा के सदस्य रहे। उन्होंने टिहरी गढ़वाल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और टिहरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी, तीसरी और चौथे उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए थे। श्रीदेव सुमन के नेतृत्व में प्रजामंडल आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, इस दौरान वह दो माह से अधिक दिनों तक कारावास में भी रहे थे।



## वन विभाग ने किया वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के बालगंगा रेंज के केपार्स गांव में वन विभाग ने वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान और वन वीट अधिकारी गंभीर बिष्ट ने लोगों से वनों में आग न लगाने तथा वनाग्नि रोकने में सहयोग करने की अपील की। रेंजर ने कहा कि कहा कि वन हमारी अमूल्य सम्पदा है, इसकी सुरक्षा करना सभी का कर्तव्य हैं। उन्होंने ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति वनों में आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ पांच हजार जुर्माने के साथ छह साल की सजा का प्रावधान है।

## प्रत्येक विद्यालय में निपुण भारत का लोगो लगाना जरूरी : बीईओ

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सभी प्राथमिक विद्यालयों में निपुण भारत मिशन का लोगो लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही निपुण भारत के तहत स्थापित मानकों का शत प्रतिशत पालन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। इस आशय के निर्देश शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी ने सभी प्रभारी संकुल समन्वयकों की बैठक में दिए। बैठक में कई अन्य विभागीय बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित बैठक में खंड शिक्षाधिकारी वीपी सिंह ने प्रभारी संकुल समन्वयकों को निपुण भारत अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास राष्ट्र के लिए सबसे अहम विकास होता है। शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ावा देने के लिए लागू की गई नई शिक्षा शिक्षा नीति में काफी बदलाव किए गए हैं।

इस नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार विभिन्न प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के चलते भारत सरकार द्वारा नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी (निपुण भारत योजना) की शुरुआत की गई है। आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के ज्ञान को छात्रों तक पहुंचाना ही इस योजना का लक्ष्य है। योजना के तहत शिक्षा सत्र 2026–27 तक प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के साथ ही निपुण भारत का लोगो लगाने के निर्देश दिए।

## पंचायतीराज मंत्री को प्रधान संगठन ने सौंपा मांग पत्र

नई टिहरी। टिहरी के जिला प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने 24 सूत्रीय मांग पत्र पंचायतीराज मंत्री सतपाज महाराज को सौंपा। मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। इन मांगों में जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्राम प्रधान मनरेगा योजनाओं में 1 जनवरी, 2023 से एनएमएमएस सिस्टम से मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति लगाने के आदेश के खिलाफ धरना प्रदर्शन और तालाबंदी करते रहे हैं। परंतु आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया। जबकि पहाड़ों की अधिकांश ग्राम पंचायतों के कई कार्य स्थलों व तोकों में नेटवर्क इंटेंसिटी शून्य के बराबर है। जिस कारण ग्रामवासियों को मनरेगा में कार्य की मांग करने के बावजूद भी रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिस कारण ग्रामवासी ग्राम प्रधानों के प्रति रोष प्रकट कर रहें हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पोर्टल 2017 से नए पात्र लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए बंद होने के कारण भी जनप्रतिनिधियों में भारी रोष व्याप्त है।ग्राम प्रधानों की मांग है कि इस पोर्टल को नए लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए शुरू किया जाय। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर होने के बावजूद भी 15वें वित्त की किस्त न आने से भी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों में निराशा बनी हुई है। मनरेगा कार्यों में एक बार में 20 से अधिक कार्यों के मस्टरोल न निकलने की नई बाध्यता से मनरेगा में कार्य करना दुभर हो रहा है और गांवों में विकास का पहिया जाम होता जा रहा हैं।

## यमुना नदी में सड़क चौड़ीकरण का मलबा डालने की जांच

उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के कथनौर के निकट सड़क चौड़ीकरण का मलबा यमुना नदी में डाले जाने के मामले में जिलाधिकारी के साथ टीम जांच करने मौके पर पहुंची।

जिलाधिकारी ने टीम को जांच के दौरान जरूरी दिशा निर्देश दिये।जय हो ग्रुप के संयोजक सुनील थपलियाल ने पूर्व में एनजीटी को पत्र लिख कर सड़क चौड़ीकरण का मलबा यमुना नदी में डालने की शिकायत की थी, जिस पर एनजीटी ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी के नेतृत्व में क्षेत्रीय अधिकारी उत्तराखण्ड प्रदूषण बोर्ड उप निदेशक भूतल एवं खनिकर्म विभाग और पर्यावरण अभियन्त्रण विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जांच की।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 61,085 रुपये निकाले

चमोली। महिला का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 61 हजार 85 रुपये की रकम निकालकर धोखाधड़ी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रमिला देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी ग्राम माठा पो. परसाई गौचर तहसील कर्णप्रयाग जनपद चमोली ने 2 फरवरी तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा धोखे से पीएनबी कर्णप्रयाग एटीएम नियर मेन बाजार कर्णप्रयाग में मेरा एटीएम कार्ड बदलकर मेरे खाते से 61,085 रुपये निकाले गए हैं। मामले का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेंद्र डोबाल ने कोतवाली कर्णप्रयाग को तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की शीघ्र तलाशी और गिरफ्तारी के निर्देश दिए। कर्णप्रयाग थाने में धोखे की शिकार प्रमिला देवी बनाम अज्ञात का मामला पंजीकृत किया गया। क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार पर्यवेक्षण में अभियुक्तों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा सुरगारसी–पतारसी करते हुए सीसीटीवी फुटेज की मदद से दौरान वाहन चैकिंग सोनला के पास मुख्य सड़क मार्ग पर अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गौरव शर्मा उर्फ सागर पुत्र सूरज शर्मा निवासी वेस्ट रोहतास शहादरा दिल्ली और राहुल राजपूत पुत्र दर्शन लाल निवासी मौजपुर उत्तर दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।



## आश्रम में कब्जे के प्रयास के मामले में एसएसपी की फटकार के बाद केस दर्ज

हरिद्वार। एसएसपी अजय सिंह की फटकार के बाद आखिरकार शहर कोतवाली पुलिस ने एक आश्रम पर कब्जे करने के प्रयास के मामले में मुकदमा दर्जकर ही लिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आश्रम में घुसकर कब्जे का प्रयास करने, जेवरात, नकदी लूट ले जाने के संबंध में नौ आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। पूरे प्रकरण में शामिल रहे एक भाजपा पार्षद को भी आरोपी बनाने की तैयारी पुलिस ने कर ली है। पिछले माह 18 जनवरी को भूपतवाला सप्तसरोवर मार्ग स्थित सत्संग आश्रम में कब्जे का प्रयास किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आश्रम के महंत प्रमोद शास्त्री अपने शिष्य के साथ बिजली का बिल जमा करने के लिए गए थे। इसी दौरान पड़ोसी परिवार अपने सर्मथकों के साथ आश्रम में घुस गया था, जिसके बाद आश्रम महंत की पत्नी पत्नी राधा तिवारी, बेटी पावनी, वैदेही को पीटते हुए आश्रम परिसर से घसीटकर बाहर निकाल दिया। आरोप है सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर तोड़ दी गई थी और पत्नी के जेवरात के अलावा दुर्गा मूर्ति से जेवरात, कमरे में रखी लाखों की रकम, दस्तावेज चोरी कर लिए गए थे।

पीड़ित परिवार तब से कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली के चक्कर काट रहा था। गुरुवार को कांग्रेसी पार्षदों ने इस प्रकरण में धरना दिया था।

## अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया

हरिद्वार। शुक्रवार अलसुबह थाना श्यामपुर पुलिस ने अवैध खनन में शामिल बुग्गी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उपजिलाधिकारी को लिखा गया है। सभी बुग्गी चालक श्यामपुर, सज्जनपुर के निवासी हैं। जिसमें धर्मेंद्र, शक्ति सिंह,अरमान, फैजान, छतरपाल, समसुद्दीन, छोटू, इरफान निवासी ग्राम सज्जनपुर हरिद्वार शामिल हैं। थानाध्यक्ष श्यामपुर विनोद थपलियाल ने बताया कि अवैध खनन करते पकड़े गए सभी नौ बुग्गी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उप जिलाधिकारी को लिखा गया है।

## विधायक डोभाल ने जाना अग्नि पीड़ित परिवारों का हाल

उत्तरकाशी। यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने शुक्रवार को राना गांव में पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारों का हाल जाना तथा आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अग्निपीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।तहसील बड़कोट के अंतर्गत राना गांव में बीते तीन दिन पहले चार मकानों में आग लगने से 11 परिवार इस भीषण अग्निकांड से प्रभावित हुए थे। जिसके बाद शुक्रवार को यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजबीन पंवार राना गांव पहुंचे और अग्निकांड से जिन परिवारों के मकान जलकर राख हो गए, उन परिवारों को मिलकर उन्हें सांत्वना दी तथा उन्होंने पीड़ित परिवारों की हर संभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। साथ ही शासन प्रशासन से इन पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने का भी उन्हें भरोसा दिया।



# क्षेत्र में पर्यटन के द्वार खोलेगा बर्ड फेस्टिवल : ऋतु

## जिला प्रशासन गढ़वाल की ओर से आयोजित किया गया तीन दिवसीय बर्ड फेस्टिवल

**जयंत प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : जिला प्रशासन गढ़वाल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कोटद्वार बर्ड फेस्टिवल-2023 में विधानसभा अध्यक्ष/स्थानीय विधायक ऋतु खंडूरी ने बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागीय स्टालों व बर्ड वाचिंग से संबंधित फोटो प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया।

कोटद्वार बर्ड फेस्टिवल आगामी 5 फरवरी तक चलेगा जिसमे प्रतिदिन प्रातः 7 से 10 बजे तक विशेषज्ञ गाइडों द्वारा पक्षी प्रेमियों/पंजीकृत अतिथियों को कोटद्वार के निकट जंगलों में बार्ड वाचिंग कराई जाएगी। भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिसको धरातल पर उतारने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोटद्वार बर्ड फेस्टिवल को भारत ही नहीं बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पक्षियों की 700 प्रजातियों में से 400 प्रजातियां कोटद्वार के आसपास पाया जाना पर्यटन संभावना को दर्शाता है इसी संभावनाओं को धरातल उतारने के लिए कोटद्वार बर्ड फेस्टिवल को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने कहा कि पक्षियों का मानव जीवन व प्रकृति के लिए क्या महत्व है इस संदेश को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम में स्कूली छात्रों को अधिकाधिक प्रतिभाग का अवसर दिया गया है।

कहा कि कोटद्वार के आसपास के क्षेत्रों में 400 से अधिक पक्षियों का निवास होना जैव विविधता की समृद्धि को दर्शाता है। जो कि मानव जीवन व पर्यावरण की दृष्टि से बहुत ही सुखद बात है।

उन्होंने कोटद्वार बर्ड फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आदर्श विद्या निकेतन, बलूनी पब्लिक स्कूल व जीजीआईसी स्कूल कोटद्वार के छात्रों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर डीएफओ लैंसडौन वन प्रभाग दिनकर तिवारी, प्राचार्य पीजी कॉलेज कोटद्वार जानकी पंवार, उप जिलाधिकारी कोटद्वार प्रमोद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार जीएल कोहली, सीओ यातायात कोटद्वार वैभव सैनी, प्रोफेसर/मंच संचालक पीजी कालेज कोटद्वार डॉ0 तनु मित्तल, मंडी समिति कोटद्वार के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, बीरेंद्र रावत, उमेश त्रिपाठी, रि0 कर्नल अजय सिंह, पंकज भाटिया, हरी पुंडीर, पूनम खंतवाल, अजय पंत, मनीष भट्ट, मोहन सिंह नेगी सहित अधिकारीगण, बर्ड गाइड, स्कूली छात्र-छात्राएं व आम जन उपस्थित थे।



कोटद्वार में बर्ड फेस्टिवल का शुभारंभ करती विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

## मयूर भट्ट बनें भाजयुमो जिलाध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने विभिन्न मोर्चो के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है।

मयूर भट्ट को भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीना गैरोला को पौड़ी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सरजीत तोमर को अन्य पिछड़ा वर्ग, अमर सिंह को किसान मोर्चा, नगमा ताफिक को अल्पसंख्यक मोर्चा, नरेंद्र टम्टा को अनुसूचित जाति और मयूर भट्ट को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा की पौड़ी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने सभी जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए जल्द ही मंडल स्तर पर मोर्चा का गठन करने को कहा है।

# शहर की अव्यवस्थाओं पर भड़का उक्रांद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में व्याप्त समस्याओं पर उत्तराखंड क्रांति दल ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि शासन व प्रशासन शहर के विकास को लेकर लापरवाह बना हुआ है। इस दौरान पदाधिकारियों ने सरकार पर जोशीमठ की अनदेखी का भी अरोप लगाया।

शुक्रवार को शिब्बूनगर में बैठक का आयोजन किया गया। उक्रांद के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी पहाड़ी क्षेत्रों को बर्बाद करने का कार्य कर रही है। जोशीमठ को बचाने के लिए आंदोलन चला रहे ग्रामीणों को भाजपा माओवादी बता रही है। केंद्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार कोटद्वार शहर की व्यवस्थाओं को लेकर भी लापरवाह बनी हुई है। वर्षों मोटरनगर में अधुनिक बस अड्डे के नाम पर केवल एक गड्डा ही खुदा हुआ है। नियमों के विरुद्ध आबादी के बीच में ट्रेंचिंग ग्राउंड का संचालन किया जा रहा है, कण्वाश्रम के विकास के लिए आज तक सरकार ने कोई योजना नहीं बनाई, मसूरी एक्सप्रेस कई वर्षों से बंद पड़ी हुई है। शिकायत के बाद भी शासन–प्रशासन समस्याओं के निस्तारण को गंभीर नहीं है। कहा कि यदि जल्द समस्याओं का ध्यान नहीं दिया गया तो उक्रांद शहर में जन आंदोलन की शुरूआत करेगा। इस मौके पर केंद्रीय संगठन मंत्री हरीश द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत, श्रवन सिंह रावत, सर्वेंद्र काला, पुष्कर सिंह रावत, सुरेश चंद्र सिंह पटवाल, विनोद चौधरी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के मोहल्ला शिब्बूनगर में आयोजित बैठक में शामिल उक्रांद पदाधिकारी।

## परामर्श शिविर आज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : एकोहम फाउंडेशन की ओर से चार फरवरी को कैंसर निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान स्कूली बच्चों की ओर से जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सचिव अपाला बड़ूनी ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर होने वाले शिविर का आयोजन मालवीय उद्यान में किया जाएगा, जिसमें गले के कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, बच्चे दानी के कैंसर व पेट के कैंसर का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा।

# एएसपी ने किया थाने का निरीक्षण, दिए निर्देश

**कोटद्वार** : अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने रिखणीखाल थाने का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

कहा कि पुलिस कर्मी ग्रमीणों के साथ मित्र जैसा व्यवहार रखें। जिससे ग्रामीण आसानी से पुलिस को अपनी समस्याएं बता सकें। कहा कि ड्यूटी में लापरवाही दिखाने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने रिखणीखाल थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में रखे अभिलेखों का भी अवलोकन किया। एएसपी ने पुलिस अधिकारियों को लंबित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस ग्रामीणों के साथ मित्र जैसा व्यवहार रखें। पीड़ित को समय पर न्याय मिल सकें इसका विशेष ध्यान रखें। एएसपी ने थाने में तैनात पुलिस कर्मियों स अस्लाह व कारतूस के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि पुलिस कर्मियों को हथियारों के बारे में जानकारी होनी आवश्यक है।



रिखणीखाल थाने का निरीक्षण करते एएसपी शेखर चंद्र सुयाल

# जंगलों की सुरक्षा के बिना पर्यावरण की सुरक्षा संभव नहीं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज धुमाकोट में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वनाग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य दर्शन कुमार ने वनाग्नि सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन, जंगल, जल का अपना महत्वपूर्ण संबंध है। जंगलों की सुरक्षा के बिना हम पर्यावरण की सुरक्षा नहीं कर सकते हैं। मानव जीवन के साथ ही प्राणिमात्र के लिए वन एवं पर्यावरण का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। वनों को आग से बचाने का दायित्व हम सभी का है। अनुभाग अधिकारी वन विभाग धुमाकोट शिव सिंह रावत ने वनाग्नि सुरक्षा की आवश्यकता व दावानल से वनों को होने वाली क्षति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी लोगों से सहयोग की अपील की। गोष्ठी में वन दरोगा कमलेश रावत, वन बीट अधिकारी विजय लाल, रघुनाथ सिंह के साथ ही गिरीश ध्यानी, रघुबीर नेगी आदि शामिल थे।

## बीजेपी की नई जिला कार्य समिति घोषित

**श्रीनगर गढ़वाल :** भाजपा पौड़ी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने जिला कार्य समिति सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों और स्थाई आमंत्रित (पदेन) सदस्यों की घोषणा की है। गढ़वाल सासंद तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, सतपाल महाराज, पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, दीप्ति रावत, मातबर सिंह रावत, डा. मोहन सिंह रावत, मुकेश कोहली और शांति देवी को स्थाई आमंत्रित (पदेन) सदस्य चुना गया है। जबकि ब्लाक प्रमुख पोखड़ा प्रीति देवी, प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी, प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा, प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, नगर पालिका अध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम, नगर पंचायत अध्यक्ष सतपुली अजंना वर्मा, श्रीनगर से पूर्व दायित्वधारी राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहनलाल जैन और दिनेश असवाल, पौड़ी से मातबर सिंह नेगी, महावीर सिंह नेगी, जसपाल सिंह नेगी, मुकेश रावत, खिर्सू से संपत सिंह रावत, कोट से राजेंद्र प्रसाद कोठारी, धर्मवीर नेगी, थलीसैण से नरेंद्र रावत कुटी भाई, पैठाणी से राजेंद्र रौथाण, पोखड़ा से पुष्कर जोशी को विशेष आमंत्रित सदस्य चुना गया है। वहीं 52 भाजपा कार्यकर्ताओं को जिला कार्य समिति का सदस्य चुना गया है। (एजेंसी)

## आबादी से हटाया जाएं ट्रेंचिंग ग्राउंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर कुंभीचौड़ के वाशिंदों ने नगर निगम को ज्ञापन दिया। कहा कि पूर्व में कई बार शिकायत के बाद भी नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कुंभीचौड़ निवासी संजय रावत, राजीव सिंह, मुन्नी देवी ने नगर निगम को समस्या से अवगत करवाया। बताया कि नगर निगम की ओर से नियमों के विरूद्ध गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर आबादी के बीच ट्रेंचिंग ग्राउंड का संचालन किया जा रहा है। ट्रेचिंग ग्राउंड में हर रोज चालीस वार्डों का सैकड़ों टन कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है। कहा कि लगातार उठ रही ट्रेचिंग ग्राउंड की दुर्गंध से आसपास के परिवारों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। कहा कि अब गर्मी के साथ ही स्थिति और विकराल होने लगेगी। यही नहीं गर्मी बढ़ने पर कूड़ा जलने भी लगता है, जिससे चारों ओर जहरीला धुंआ फैला रहता है। कहा कि क्षेत्रवासियों के हित को देखते हुए जल्द ही ट्रेचिंग ग्राउंड को आबादी से दूर अन्यत्र शिफ्ट किया जाना चाहिए।

# क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीआरसी कीर्तिखाल में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान क्विज में ब्लाक द्वारीखाल के 68 बच्चों व 20 अध्यापक, अध्यापिका ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ राइका, कीर्तिखाल के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, ब्लाक द्वारीखाल समन्वयक मानवी कोटनाला ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों माध्यमिक (कक्षा–9 व 10) व उच्च माध्यमिक (कक्षा–11व 12) में व तीन राउंड–प्रश्नोत्तरी, रैपिड फायर व बर्जर में किया गया। स्क्रीनिंग के पश्चात माध्यमिक वर्ग में राइका कैण्डुलठागंर ने प्रथम अउराइका चैलूसैंण ने द्वितीय, राउमावि कठूडबडा ने तृतीय, उच्च माध्यमिक वर्ग में अउराइका देवीखेत ने प्रथम, राइका पालीलंगूर ने द्वितीय व आराइका सतपुली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मार्गदर्शक शिक्षक राहुल सैनी, श्रीमती पूजा नैनवाल, हरिओम प्रकाश, अखिलेश रावत, राकेश नेगी, जगमोहन सिंह नेगी के विद्यालय के बच्चे क्विज प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यालय जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक विज्ञान समन्वयक (द्वारीखाल) महेन्द्र सिंह राणा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रविन्द्र रावत, ज्ञानेन्द्र रावत, अर्जुन सिंह, सुमनलता, विनय रावत, मधु जोशी, टी.एस. भारती, सुषमा उनियाल, दिव्या नेगी, सुषमा नैनवाल आदि ने अपना योगदान दिया।



आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते शिक्षक।

# कण्वाश्रम के बेहतर विकास की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से कण्वाश्रम के विकास की मांग की है। कहा कि सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस दौरान चारधाम यात्रा की वापसी पौड़ी-कोटद्वार से करने की भी मांग की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने बताया कि हरिद्वार–ऋषिकेश से चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही पौड़ी–कोटद्वार से इसकी वापसी की योजना बनाई जानी चाहिए। ऐसे में पौड़ी–सतपुली–कोटद्वार सहित अन्य स्थानों पर रोजगार के साधन बढ़ेंगे। साथ ही पलायन पर भी रोक लग सकेगी। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से कण्वाश्रम के बेहतर विकास के लिए योजनाएं भी बनाने की मांग उठाई।

कहा कि कण्वाश्रम राजा भरत की जन्मस्थली है। ऐसे में इसे विश्व पटल पर लाने के लिए सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। कहा कि मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से कण्वाश्रम का प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। मुलाकात के दौरान पदाधिकारी ने नीलकंठ, कण्वाश्रम, सिद्धाबली व ताड़केश्वर को धार्मिक पर्यटन सर्किट से भी जोड़ने की मांग उठाई। मुलाकात के उपरांत मुख्यमंत्री ने जल्द ही मांगों पर गंभीरता से ध्यान देने का भी आश्वासन दिया।



देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिह्न देते भाजपा सांगठनिक जनपद कोटद्वार के पदाधिकारी

## शैक्षिक उन्नयन के क्रियान्वयन पर चर्चा की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जीआईसी कोचियार में पीटीए, एसएमसी, एसएमडीसी की आम बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

सुरेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रधानाचार्य अफसर हुसैन ने विस्तार से योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र, शिक्षक व अभिभावक तीनों के सम्मिलित प्रयास से ही शैक्षिक उन्नयन संभव है। बैठक में बेहतर शैक्षिक वातावरण, शिक्षक अभिभावक संबंध, विद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधन, छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य, अध्यापकों द्वारा दिए गए गृहकार्य में अभिभावकों की भूमिका आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सभी अभिभावकों ने हर संभव सहयोग की बात कही गई। बैठक में पीटीए अध्यक्ष सत्यपाल सिंह रावत, एसएमसी अध्यक्ष रघुबीर नेगी, एसएमसी उपाध्यक्ष महिपाल सिंह पटवाल, चमन सिंह, मोहन ध्यानी आदि शामिल रहे।

# 43 छात्रों को मिला बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एनआईटी) उत्तराखंड श्रीनगर के सत्र 2022-23 में छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट दिलाने के लिए संस्थान की ओर से जोरों पर प्रयास किया जा रहा है। अभी तक सभी विभागों को मिलाकर कुल 43 छात्रों को विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्रतिवर्ष 11 लाख रुपये के औसत पैकेज के साथ प्लेसमेंट मिला है। वर्तमान सत्र के प्लेसमेंट ड्राइव में योग्य छात्रों में से 52 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है। संस्थान का अभी तक का अधिकतम वेतन पैकेज 21 लाख रुपये प्रतिवर्ष जबकि न्यूनतम वेतन पैकेज 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा है। एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी का कहना है कि संस्थान के प्लेसमेंट ऑफर की संख्या और औसत वेतन पैकेज दोनों ही मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। न केवल आईटी कंपनियों बल्कि मैकेनिकल और सिविल स्ट्रीम की कोर कंपनियों में भी उच्च प्लेसमेंट प्रतिशत हासिल किया गया है। एनआईटी उत्तराखण्ड में पहली बार मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 66 प्रतिशत छात्रों, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 52 प्रतिशत छात्रों और सिविल इंजीनियरिंग के 43 प्रतिशत छात्रों ने प्लेसमेंट हासिल किया है। कहा आने वाले महीनों में कई और बहुराष्ट्रीय कंपनियां आनलाइन/आफलाइन माध्यम से संस्थान में प्लेसमेंट प्रक्रिया का संचालन करने वाली है। उन्होंने करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सदस्यों डा. हरिहरन मुथुसामि, डा. विकास कुकशाल, डा. प्रशांत तिवारी, डा. रोहित कुमार, विकास कोठारी और पवन राणा के प्रयासों की सराहना भी की। (एजेंसी)

## सुभाष नेगी बनें अध्यक्ष

पौड़ी : समाजवादी पार्टी ने सुभाष नेगी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पौड़ी शहर के च्वींचा गांव निवासी सुभाष नेगी को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा है कि वह संगठन को मजबूत करने का काम करे और 15 दिनों के भीतर जिले की कार्यकारिणी का गठन करते हुए प्रदेश कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त कर ले। वही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुभाष नेगी ने कहा कि उनको दी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा।

# डीएम ने ली डीएच, महिला और बेस अस्पताल की प्रबंधन समितियों की बैठक



अल्मोड़ा। डीएम वंदना की अध्यक्षता में बीते गुरुवार को डीएच, महिला और बेस अस्पताल की प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें डीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रबंधन समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने समय समय पर अस्पताल संचालन को लेकर उठाए गए मामलों पर भी चर्चा की। यहां विधायक मनोज तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, सीएमओ डॉ. आरसी पंत समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## नशे में वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस का चेंकिग अभियान जारी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रभारी चौकी बेस, उनि0 कृष्ण कुमार हमराही पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे।

इस दौरान होटल मैनेजमेंट कॉलेज के पास वाहन संख्या–यूके–03ए– 2915 ऑल्टो कार को रोककर चेक करने पर वाहन चालक मनोज बिष्ट, निवासी मटीला,अल्मोड़ा शराब के नशे में वाहन चलाता पाया गया।

जिस पर चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत मौके पर गिरफ्तार कर वाहन कार को सीज किया गया।

# बाराकोट में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक



चम्पावत। विकास खंड बाराकोट में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और मनरेगा कर्मी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बाराकोट के ब्लॉक सभागार में बीडीओ बीबी जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक हुई। सांसद प्रतिनिधि बहादुर सिंह फत्र्याल ने निर्माण कार्यों को समय और गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने बताया कि ब्लॉक में 12 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसमें छह सरोवरों में 15 फरवरी के बाद मत्स्य विभाग की ओर से बीज डाला जाएगा। बताया कि नौला निर्माण योजना के अंतर्गत 25 नौलों का कार्य पूरा कर लिया गया है और सात नौलों का कार्य फरवरी माह में पूरा करने का मनरेगा कर्मियों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने बताया कि फिश टैंकों के अंतर्गत 50 के लक्ष्य के सापेक्ष 40 टैंकों का कार्य प्रगति पर है। पीएम आवास योजना के अंतर्गत 70 आवासों में से 69 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी खजान जोशी, डीपीओ एसके गुप्ता सहित मनरेगा कर्मचारी मौजूद रहे।

# कॉग्रेस घर–घर बांटेगी सरकार की चार्जशीट : हरीश रावत



अल्मोड़ा। पूर्व सीएम हरीश रावत ने शुक्रवार को अल्मोड़ा नगर के एक होटल में प्रेसवार्ता कर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी। पूर्व सीएम ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को पूरे देश में अभूतपूर्व सफलता मिली। कहा कि अब कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाल रही है। इसके लिए जिला, ब्लॉक प्रभारी और समन्वयक तय कर दिए हैं। यात्रा के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता घर–घर तक राहुल गांधी और राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की चिट्ठी बाटेंगे। साथ ही कॉग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा की ओर से तैयार की गई राज्य सरकार की चार्जशीट बाटेंगे। कहा कि भाजपा राज में योग्य बेरोजगारों से छल किया जा रहा है। आयोगों में बैठे माफिया नौकरियों को बेच रहे हैं।भाजपा सरकार में जितनी नौकरियां दी गईं उससे कई ज्यादा नौकरियां छीनी गई हैं।

## छात्राओं को तनाव मुक्त रहने का संदेश दिया

चम्पावत। बाराकोट ब्लॉक के जीजीआईसी काकड़ में बाल कल्याण समिति की ओर से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्राओं को तनाव मुक्त और परीक्षा संबंधी टिप्स दिए गए। शुक्रवार को बाल कल्याण समिति के सदस्य राजू गड़कोटी ने छात्राओं को परीक्षा उपयोगी टिप्स, तनाव मुक्त रहते हुए परीक्षाओं की तैयारी करने, सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराकोट की चिकित्सक डॉ. मेघा ने बालिकाओं को शारीरिक परिवर्तनों और उनके प्रति जागरुक किया। प्रधानाचार्य भावना कांडपाल ने सभी का आभार जताया।

# आज होगा अंधेर नगरी, चौपट राजा व भोजन का सफर नाटक का मंचन




बागेश्वर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय थियेटर इन एजुकेशन कार्यशाला जारी है। कार्यशाला में अंधेर नगरी चौपट राजा और भोजन का सफर नाटक तैयार किया जा रहा है। शनिवार को दोनों नाटकों का मंचन होगा। नैनीताल से पहुंचे युगमंच के रंगकर्मी शिक्षकों को कला की बारिकियां सीखा रहे हैं। साथ ही नाटक लेखन तथा संगीत की जानकारी भी दी जा रही है। संदर्भदाता नाट्यकर्मी जहूर आलम ने कहा कि असल जिंदगी में भी हम रोजाना नाटक करते हैं, लेकिन मंच पर किया जाने वाला नाटक समाज को दिशा और शिक्षा देने का काम करते हैं। राज्यगीत लेखक और कवि हेमंत विष्ट ने कहा कि पांच दिन की कार्यशाला में दो नाटक तैयार किए जा रहे हैं। इसमें अंधेर नगरी चौपट राजा नाटक आज भी प्रासंगिक है। संगीतकार नवीन वेगाना, रंगकर्मी मनोज कुमार, संजय कुमार ने नाटक में संगीत के महत्व के बारे में बताया। अजीज प्रेम जी से नाट्यकर्मी बृजेश जोशी ने भी नाटक की बारीकियां बताईं। डायट के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र धपोला ने बताया कि नाटकों के अलावा पांच–पांच मिनट की नाट्यशैली भी प्रस्तुत की जाएगी। यहां डायट प्रवक्ता डॉ. मनोज चौहान, डॉ. सीएम जोशी, डॉ. दयासागर, डॉ. बीडी पांडे, संदीप जोशी, रडॉ. के एस रावत,डॉ. राजीव जोशी द्वारा जानकारियां दी जा रही हैं।

कार्यशाला में 40 अध्यापक भाग ले रहे हैं।

# पंतनगर में प्रोग्रेसिव हॉर्टिकल्चर कॉनक्लेव शुरू




रुद्रपुर। पंतनगर विश्वविद्यालय में उद्यान विज्ञान विभाग, भारतीय औद्यानिकी अनुसंधान और विकास समिति (आईएसएचआरडी) की ओर से तीन दिवसीय प्रोग्रेसिव हार्टिकल्चर कॉनक्लेव का शुरू हो गया है। कॉनक्लेव में हिमाचल की तरह उत्तराखंड में भी गुणवत्तायुक्त सेब को विकसित करने पर जोर दिया गया। शुक्रवार को रतन सिंह सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, मुख्य अतिथि असम कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बीसी डेका और डॉ. वाईएसआर हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश के कुलपति डॉ. टी जानकीराम ने किया। कुलपति डॉ. चौहान ने कहा कि फल एवं सब्जी के गुणवत्तायुक्त उत्पादन से समाज में 20 प्रतिशत कुपोषण को दूर किया जा सकता है। उन्होंने हिमाचल की तरह ही उत्तराखंड में भी गुणवत्तायुक्त सेब को विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सामान्य शोध से इतर परिवर्तनात्मक शोध पर बल देने की बात कही। इस अवसर पर सोसायटी की तरफ से औद्यानिकी के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को पुरस्कृत किया गया।

## पुलिस ने गुमशुदा युवती को हरिद्वार जिले से किया बरामद

अल्मोड़ा। तहसील के राजस्व क्षेत्र मवड़ा से गुमशुदा युवती को रानीखेत कोतवाली पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। गुमशुदगी के संबंध में परिजनों की एफआईआर के बाद विवेचना अल्मोड़ा पुलिस को हस्तांतरित हुई थी। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रानीखेत कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट को विवेचना अधिकारी नियुक्त कर सीओ रानीखेत और विवेचक को गुमशुदा की तलाश के लिए टीम गठित की। सीओ रानीखेत टीआर वर्मा के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस सेल की मदद से गुमशुदा युवती को दो फरवरी को हरिद्वार जिले से सकुशल बरामद किया गया।

# फैक्टरी की अवैध बंदी खुलवाने की उठाई मांग



सितारगंज। कई किसान संगठनों ने अवैध बंदी के खिलाफ जायड्स वेलनेस कंपनी के श्रमिकों को समर्थन दिया। आंदोलन 234वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान श्रमिकों ने कंपनी की अवैध बंदी खोलने की मांग की। किसानों के साथ ही कंपनी के कर्मचारियों ने सरकार और श्रम विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शुक्रवार को जायड्स वेलनेस के श्रमिकों ने कहा कि कंपनी की अवैध रूप से की गई बंदी को सरकार नहीं खोल रही है।

कहा कि कंपनी की बंदी को अवैध घोषित कर दिया गया है, लेकिन उसे प्रशासन खोल नहीं रह है। कहा कि श्रम विभाग भी नियमों का पालन नहीं करा रहा है। इस दौरान श्रमिकों ने कंपनी की अवैध बंदी खत्म करने की मांग की।

श्रमिकों का कहना था कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार कोई निर्णय नहीं ले रही है। कंपनी के श्रमिकों ने सरकार और श्रम विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि मालिकों में अवैध रूप से कंपनी को बंद कर श्रमिकों के हितों से खिलवाड़ किया है। इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन, किसान यूनियन, अखिल भारतीय किसान महासभा ने आंदोलन को समर्थन दिया।

# औद्यानिक की अत्याधुनिक तकनीकों, नवीनतम प्रजातियों की जानकारी ले रहे किसान



अल्मोड़ा। औद्यानिक प्रशिक्षण एवं परीक्षण केंद्र चौबटिया में औद्यानिकी विकास के विभिन्न पहलुओं पर कुमाऊं मंडल के पांच जिलों के कास्तकारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कास्तकारों को औद्यानिकी की अत्याधुनिक तकनीकी तथा नवीनतम प्रजातियों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त प्रसार औद्यानिकी डॉ. चारू चंद्र पंत ने फूलों की खेती की अत्याधुनिक तकनीक बारे में जानकारी दी। पूर्व सहायक निदेशक डॉ. जगदीश चंद्र पांडे फल–पौधों में लगने वाली बीमारियों और उनके रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उप निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार ने कीवी उत्पादन से संबंधित जानकारियां दीं। इसके बाद प्रधान सहायक नारायण सिंह राणा और प्रशिक्षण अधिकारी मोहन सिंह रौतेला ने किसानों को राजकीय उद्यान चौबटिया प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया। जहां कास्तकारों को सेब सघन रोपण प्रक्षेत्र में रोपित सेब की जैरोमाइन, रेडब्लाक्स, बुकई गाला, रेड केन, जेडवन, एडम आदि बौना प्रजातियों की विशेषताओं, चेरी सघन रोपण प्रक्षेत्र में विकसित लुम्बनी, स्टेला, इटेलियन ग्लास, ब्लैकहार्ट आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा उद्यान की पौधशाला में सिंगल एवं डबल ग्राफ्ट विधि द्वारा प्लम, चेरी, नाशपाती आदि फलों की विभिन्न प्रजातियों की विशेषताओं के बारे बताया गया। उद्यान में नये विकसित किए ज रहे खुबानी, अखरोट, आड़ू, प्लम आदि प्रक्षेत्रों का भ्रमण करा किास्तकारों को नीवनतम प्रजातियों की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## गदरपुर में तमंचे बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

रुद्रपुर। गदरपुर पुलिस ने क्षेत्र में तमंचे बनाने के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस ने मौके से तीन तमंचे, दो अधबने तमंचे और तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस ने मौके से एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने पत्रकार वार्ता में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गदरपुर थाना पुलिस को गुरुवार रात भाखड़ा पुल साबरी ईंट भट्ठा के पास अवैध रूप से तमंचे बनाए जाने की सूचना मिली।

# पांच बैटरियो एवं चोरी में प्रयुक्त वाहन के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। गरमपानी– कल देर रात कुछ अज्ञात लोगो द्वारा खैरना गरमपानी बाजार में लगी सोलर लाईटों की कुल 5 बैटरिया को चुरा लिया गया जिसमें आज सुबह छड़ा खैरना के ग्राम प्रधान कन्नू गोस्वामी द्वारा खैरना चौकी में तहरीर दी गई कि खैरना गरमपानी बाजार में लगी सोलर लाईटों की कुल 5 बैटरियो को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कल 31 जनवरी 2023 की रात्रि चोरी कर लिया गया है जिससे उक्त क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों में अंधेरा छाया हुआ है।

जिसमे तहरीर के आधार पर भवाली थाने मेंाकफ लड्ड – 11/23, धारा – 379 कढउ के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक दिलीप सिंह चौकी प्रभारी खैरना भवाली के सुपुर्द की गई।

चोरी की घटना के शीघ्र अति शीघ्र खुलासे हेतु उमेश कुमार मलिक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भवाली के दिशा–निर्देशन में विवेचक उपनिरीक्षक श्री दिलीप सिंह द्वारा तात्कालिक रूप से कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगो के साथ पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि जीवन सिंह देवलिया, पुत्र किशन सिंह देवलिया, उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पोखरी थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल जो पूर्व में सोलर बैटरी लाईट लगाने का भी काम करता था जिसके वाहन में भी सोलर एनर्जी लिखा था जिसकी आड़ में उस पर कोई शक ना करे इसके लिये उक्त वाहन का प्रयोग चोरी करने मे किया और देर रात को खैरना गरमपानी बाजार मे लगी 5 सोलर बैटरियां चोरी कर ले गया। जिनको उक्त व्यक्ति आज हल्द्वानी बेचने ले जा रहा था जिसे वाहन पिकअप सं वड04उइ1301 व चोरी की 5 सोलर बैटरियो (कीमत लगभग 60000 रुपए) सहित खैरना चौकी प्रभारी के नेतृत्व में चौकी पुलिस द्वारा छड़ा खैरना गरमपानी रानीखेत पुल के पास खैरना से गिरफ्तार किया गया है। वही चोरी हुए माल की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 लगा दी गयी। इस दौरान पुलिस टीम में दिलीप कुमार, राजेन्द सती, प्रयाग जोशी, आनन्द राणा, अनिल गिरी, अशोक रावत सम्मिलित रहे।

## जयपुर में मिली मदकोट से लापता दोनों बहनें

पिथौरागढ़। मदकोट से लापता दो बहनों को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 19 जनवरी को मदकोट निवासी एक व्यक्ति ने मुनस्यारी थाने में सूचना दी की उनकी 21 और 17 साल की दो बेटियां घर से बिना बताएं कहीं चली गई हैं।

काफी खोजबीन के बावजूद दोनों का कहीं कुछ सुराग नहीं लग रहा है।

# लूट का दूसरा अभियुक्त गैरसैंण से गिरफ्तार



अल्मोड़ा। बीते दिसंबर माह में चौखुटिया में हुई लूट के मामले में फरार चले रहे दूसरे ईनामी बदमाश को पुलिस ने गैरसैंण से गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी पर पांच हजार का ईनाम घोषित किया था।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चौखुटिया निवासी ललित सिंह ने थाना चौखुटिया में तहरीर दी थी। बताया था कि तीन व्यक्ति उसका मोबाइल, चैन व अन्य सामान लूट भाग गये थे। जिस पर थाना चौखुटिया में नामजद आरोपी रमेश चंद्र जोशी उर्फ रामू कट्टा सहित दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद लूट में शामिल एक आरोपी को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जाल बिछा रही थी।

गठित टीम ने आरोपी नरेंद्र सिंह को गैरसैण क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उससे लूटा गया एक मोबाइल बरामद करते हुए पंजीकृत अभियोग में आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस टीम में प्रभारी चौकी मासी बृजमोहन भट्ट, प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, कास्टेबल बलवंत प्रसाद, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, कास्टेबल नवीन गिरी रहे।

## केएमओ स्टेशन की नाली की जाली क्षतिग्रस्त

बागेश्वर। केएमओयू स्टेशन को जाने वाले रास्ते की नाली के ऊपर की जाली क्षतिग्रस्त है। जिसमें यात्री, चालक और केएमओयू स्टेशन के कर्मचारी कई बार घायल हो गए हैं। केएमओयू इंचार्ज धरणीधर जोशी ने कहा कि पालिका को कई बार शिकायत कर दी है। लेकिन जाली को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। व्यापारी कैलाश जोशी, नवीन जोशी, आशीष उपाध्याय, शंकू राना, पूरन राना आदि ने कहा कि केएमओ बसों के अलावा रोडवेज की बसें भी यहां पार्क होती हैं। सवारियां उतरने और चढ़ने का स्थान भी है। जाली की शीघ्र मरम्मत नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। ईओ सतीश कुमार ने कहा कि नालियों की नियमित सफाई की जा रही है।

# राइंका श्रीखेत के विद्यार्थियों के दल ने किया कौसानी का भ्रमण



अल्मोड़ा। तहसील के सुदूरवर्ती राजकीय इंटर कॉलेज श्रीखेत के छात्र–छात्राओं के दल ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतिर्ग रमणीक पर्यटक स्थल कौसानी का भ्रमण किया। कौसानी में चाय बागान की सैर करने के बाद दल ने अनासक्ति आश्रम, सरला म्यूजियम और पंप वीथिका का भ्रमण किया। इन ऐतिहासिक स्थलों के विषय में ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण सामाजिक जानकारियां भी विद्यार्थियें ने हासिल की। बाद में सोमनाथ मंदिर का भी छात्र–छात्राओं ने भ्रमण किया। मंदिर के निर्माण, इतिहास से वे रूबरू हुए। दल में नौंवी और 11वीं कक्षा के कुल 62 छात्र–छात्राएं शामिल रहे। जबकि प्रवक्ता लक्ष्मण सिंह बोरा, तारा दत्त सती, सुनीता दानू व सहायक अध्यापिका मंजुला नेगी भी दल शामिल थे।

# विद्यालयों में गठित एंटी ड्रक्स कमेटी को सक्रिय करें : डीएम

### नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सक्रियता के साथ अभियान चलाएं



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नशीले पदार्थों की रोकथाम और आम जनमानस को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सक्रियता के साथ अभियान चलाया जाए। उच्च शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए। विद्यालयों में गठित एंटी ड्रक्स कमेटी को सक्रिय करें। सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता संदेशों का प्रचार प्रसार किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला मंगल दल एवं स्वयं सहायता समूहों को भी इसमें शामिल करें। नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि एनडीपीए एक्ट के अन्तर्गत इस वर्ष 3 अभियोग पंजीकृत हुए है। जिनमें 5 अभियुक्तों से 21 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की गई है। अवैध शराब के विरूद्व 7 अभियोग पंजीकृत हुए है जिसमें 15 लीटर कच्ची शराब तथा 11 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि नशाखोरी की रोकथाम के लिए एनकोर्ड व एएनटीएम सदस्यों एवं ग्राम चैपालों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल, डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, सीओ चमोली प्रमोद शाह, सीओ कर्णप्रयाग अमित कुमार, एसीएमओ डा. बीपी सिंह, सीएओ वीपी मौर्य, समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## तहसील दिवस 7 फरवरी को

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में 7 फरवरी (मंगलवार) को ग्राम फेगू में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता द्वारा दर्ज की जाने वाली शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए तहसीलदार बसुकेदार राम किशोर ध्यानी ने बताया कि फरवरी माह के पहले मंगलवार को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बसुकेदार के अंतर्गत ग्राम फेगू में दुर्गा माता परिसर में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले तहसील दिवस में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि दर्ज की जाने वाली शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाना संभव हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आयोजित होने वाले तहसील दिवस में निर्धारित तिथि व समय से उपस्थित होने की अपील की है।

## 13 फरवरी से आयोजित होंगी कार्यशालाएं

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड सूचना आयोग के निर्देशों के अनुपालन में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जनपद में विकासखंड वार संबंधित उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद स्तरीय लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों हेतु तीनों विकासखंडों में अलग-अलग तिथियों में एक दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने आयोजित होने वाली कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 13 फरवरी को विकासखंड ऊखीमठ में प्रातः 11 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह विकासखंड जखोली में 21 फरवरी तथा विकास खंड अगस्त्यमुनि में 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे से जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार संबंधित खंड विकास अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने व कार्यशाला संबंधी सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कार्यशाला के संपन्न होने के उपरांत संबंधित उपस्थिति व फोटोग्राफ्स जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### डा. हिमानी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं

चमोली। भाजपा ने अपने विभिन्न मोर्चों में जिलाध्यक्षों की तैनाती कर दी है।

जिसके तहत गैरसैंण के पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर रावत को सबसे अहम युवा मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं नंदप्रयाग नगर पंचायत की अध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया है।

## ग्रामीणों ने की डेरसा प्यूनल मोटर मार्ग की उच्चस्तरीय जांच की मांग

विकासनगर। डेरसा प्यूनल मोटर मार्ग की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने कई सवाल खड़े किये हैं। ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किये जाने का आरोप लगाते हुए मार्ग को जान जोखिम में डालने वाला खतरनाक मार्ग बताया। ग्रामीणों ने मार्ग की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। डेरसा प्यूनल मोटर मार्ग हाल ही में तब विवादों में आया जब मोटर मार्ग को बिना पास कराये आनन–फानन में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार ने आधे अधूरे निर्माण कार्य करवाकर बस का संचालन शुरू करवा दिया। करीब 22 किमी मोटर मार्ग पर तीस करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। यह मोटर मार्ग त्यूणी को हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर से जोड़ता है। जिसे क्षेत्र के लोग लाइफलाइन कहते हैं। मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कई सवाल खड़ किये। मार्ग निर्माण में अनियमितता बरतने का भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया। मार्ग निर्माण की शिकायत जब ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय व पीएमजीएसवाई कार्यालय तक की। तब ग्रामीणों को पता चला कि पीएमजीएसवाई के एक कनिष्ठ अभियंता से मिलीभगत कर विभाग ने ठेकेदार को पूरा भुगतान कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब मार्ग निर्माण की खामियों को लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो उन्हें धमकाया गया। फेडिज कपसाड वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष पूजा गौड, स्थानीय ग्रामीण रवि चौहान, पवन चौहान, सुनील रावत, सुरेश चौहान, सूरज रावत, कमल रावत, प्रमश रावत ने मार्ग निर्माण की उच्चस्तरीय जांच करने और दोषी अधिकारियों के निलंबन की मांग की है।

स्वयं मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर जांच की जायेगी।

### गंगाड़ी समुदाय को केंद्रीय ओबीसी में शामिल करने की मांग

नई टिहरी। धनोल्टी विधायक प्रीतम पंवार ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार को पत्र लिखकर धनोल्टी विधानसभा के ब्लॉक थौलधार के गंगाड़ी समुदाय को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग की। पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री सहित सीएम धामी व अन्य पिछड़ा आयोग को अवगत कराया गया कि ब्लॉक थौलधार के गंगाड़ी समुदाय को 2016 में राज्य ओबीसी में शामिल किया गया था। लेकिन गंगाड़ी समुदाय के केंद्रीय सूची में शामिल न होने के चलते यहां के स्थानीय युवाओं को केंद्रीय सेवाओं में ओबीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## प्रभावित को धनराशि समय पर न दिए जाने भड़के मंत्री, अधिकारियों की लगाई क्लास

### महाराज ने जनपद को दी 14 करोड़ की सौगात

### 12.46 करोड़ की धनराशि ग्राम पंचायतों के खाते में की ट्रांसफर



टिहरी। पुनर्वास हेतु सरकार द्वारा निर्गत धनराशि को प्रभावित विस्थापित परिवारों को समय पर वितरित न किये जाने पर सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बैठक के दौरान अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि बांध विस्थापितों के योगदान के कारण ही आज टिहरी बांध से बिजली पूरे देश को मिल रही है। इसलिए उनकी समस्या हमारी समस्या और निश्चित रूप से इसका निराकरण किया जाना चाहिए। उक्त बात प्रदेश के सिंचाई, पंचायती राज, पर्यटन, लोक निर्माण, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपने गढ़वाल भ्रमण कार्यक्रम के तीसरे दिन जनपद टिहरी को सिंचाई, सड़क और पंचायतीराज विभाग की 13 करोड़ 12 लाख 85 हजार की 11 विकास योजनाओं की सौगात देने के अलावा पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त 12.46 करोड़ की धनराशि की द्वितीय छमाही किस्त का ग्राम पंचायतों के खातों में ऑनलाइन हस्तांतरण के मौके पर टिहरी बांध पुनर्वास संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश के पंचायती राज, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपने गढ़वाल भ्रमण के दौरान जनपद टिहरी पहुंचकर शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सिंचाई, सड़क और पंचायतीराज विभाग की 13 करोड़ 12 लाख 85 हजार की 11 विकास योजनाओं की सौगात देने के अलावा पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त 12.46 करोड़ की धनराशि की द्वितीय छमाही किस्त का 1034 ग्राम पंचायतों के खातों में ढाटर के माध्यम से डल्ली उ्‌' द्वारा हस्तांतरण भी किया। इस मौके पर उन्होने टिहरी बांध पुनर्वास समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायकों के साथ बैठक कर उनके निराकरण हेतु मंथन भी किया। बैठक के दौरान सिंचाई मंत्री ने श्री महाराज ने पुनर्वास हेतु सरकार द्वारा निर्गत धनराशि को प्रभावित विस्थापित परिवारों को समय पर वितरित न किये जाने पर अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होने कहा कि टिहरी बांध विस्थापितों के योगदान के कारण ही आज बांध से बिजली पूरे देश को मिल रही है।

इसलिए आपकी समस्या हमारी समस्या है और इसका समाधान निश्चित रूप से किया जाएगा। श्री महाराज ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद भिलंगना विकासखण्ड में बूढ़ाकेदार व विनयखाल की 4 करोड़ 88 लाख 74 हजार की (55.240 किमी0) 20 पर्वतीय नहरों के सुदृढ़ीकरण योजना, भिलंगना विकासखण्ड के अंतर्गत घुत्तू बाजार एवं देवंज ग्राम की 4 करोड़ 85 बाढ़ सुरक्षा लाख 25 हजार रुपये की सिंचाई योजनाओं का शिलान्यास करने के साथ–साथ लोनिवि मंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत घनसाली के विकासखण्ड भिलंगना के अंतर्गत 92 लाख 88 हजार की लागत से बनने वाले कोन्ती–बणगांव–सिलोली सेरा–चिलयालगांव तक मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य, द्वितीय चरण स्टेज–1, ग्राम सटियाला के तोक से ग्राम गवाणा मल्ला तक 61 लाख 71 हजार की धनराशि के मोटर मार्ग द्वितीय चरण स्टेज–1 के नव निर्माण कार्य और 99 लाख 27 हजार की धनराशि से बनने वाले घण्डियालधार से हडियाणा मल्ला श्री नागेन्द्र देवता मंदिर से खोमचू नामे तोक खोली तक मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य द्वितीय चरण का स्टेज–1 का भी शिलान्यास किया।

## भाजपा कार्यालय में हुई बजट पर चर्चा




नई टिहरी। बजट पर चर्चा कार्यक्रम के तहत संयोजक चार्टेड एकांउटेंट राजेश्वर पैन्युली, सह संयोजक खेम सिंह चौहान व डा प्रमोद उनियाल ने भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। आगे भी दस कार्यक्रम आयोजित कर जनपद के विभिन्न हिस्सों में आम लोगों के साथ बजट पर चर्चा कर बजट की खुबियों व लाभ से जनता को अवगत कराया जायेगा। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कार्यक्रम के संयोजक राजेश्वर पैन्युली ने कहा कि भारत के अमृत काल में पहले बजट में विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करने के लिए मजबूत नींव रखी गई है। बजट में वंचितों को वरीयता देने का काम किया गया है। यह बजट आम ग्रामीणों, मध्यम वर्ग और समाज की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। सह संयोजक खेम सिंह चौहान व डा प्रमोद उनियाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में वित्त निर्मला सीता रमण ने देश को मजबूत आधारशिला वाला बजट दिया है। जिसमें दीर्घकालीन योजनाओं को शामिल किया गया है। जिसका लाभ देश को 2047 तक मिलेगा। बजट में कैपिटल एक्सीपेंडिचर में 33 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसे दस लाख करोड़ करना और फिक्सल डेफसिट को 5.9 प्रतिशत का लक्ष्य देना सराहनीय है। मध्यम और वेतनभोगी वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत देने का काम किया गया है। स्किल डेवलपमेंट, रोजगार व युवाओं के भविष्य के लिए तमाम योजनाओं को समावेश किया गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, शीशराम थपलियाल, अबरार, असगर, तौफीक सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## एई–जेई भर्ती परीक्षा के घपले में सावधानी बरतने पर भी पकड़े गए आरोपी

हरिद्वार। एई–जेई भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीककांड से लेकर पटवारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कर चुके गैंग ने पूरी तरह सावधानी बरती थी, इसलिए दोनों ही प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में कुछ चेहरों को छोड़कर कई किरदार अलग–अलग थे। मास्टर माइंड रहे संजीव चर्तुवेदी, उसकी पत्नी रितु, पॉलिटेक्निक शिक्षक राजपाल ने दोनों ही प्रश्नपत्रों को लेकर अलग रणनीति अपनाई थी, पर वे पूरी तरह से कामयाब नहीं हो सके। अब तक की एसआईटी जांच में साफ हुआ है कि पॉलिटेक्निक शिक्षक राजपाल ही ने ही प्रश्नपत्र बाजार में उतारे थे।

## विक्रम भुल्लर युवा मोर्चा के और अनामिका शर्मा बनी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

हरिद्वार। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्षों की घोषणा भाजपा के प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक रावत ने घोषणा कर दी है। हरिद्वार युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष का दायित्व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद के खास विक्रम भुल्लर को सौंपा गया गया है। जबकि महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष का जिम्मा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक गुट की अनामिका शर्मा को सौंपा गया है। जिले के दो बड़े पदों पर निशंक और स्वामी गुट के चेहतों की ताजपोशी की गई है। भाजपा ने शुक्रवार को महिला मोर्चा के जिलाध्यक्षों और युवा मोर्चे के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। हरिद्वार में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पद का दायित्व निशंक गुट अनामिका शर्मा को सौंपा गया है।

### वैश्य बंधु समाज मध्य हरिद्वार की कार्यकारिणी घोषित

हरिद्वार। वैश्य बंधु समाज मध्य हरिद्वार के अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग ने कार्यकारिणी गठित कर पदाधिकारियों की घोषणा की। मध्य हरिद्वार स्थित कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए डा.विशाल गर्ग ने कहा कि संगठन के उद्देश्य व नीतियों को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा में सहयोग करें। समाज के कमजोर वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ें। कुरीतियों को दूर करने में सहयोग करें। सभी पदाधिकारी एकजुट रूप से समाज को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। नवगठित कार्यकारिणी में डा.विशाल गर्ग अध्यक्ष, डा.सुधीर अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, अवनीश जिंदल, धीरेंद्र गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष, राजीव गुप्ता महामंत्री, लोकेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, डा.गौरव गुप्ता, राजीव गुप्ता, अमित जलान, आदित्य बंसल, शिवम बंधु गुप्ता उपमहामंत्री, मनोज गुप्ता, अजितेष गुप्ता, अंकित गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल संगठन मंत्री, हिमांशु अग्रवाल, कमल अग्रवाल, वरूण अग्रवाल प्रचार मंत्री, शेखर गुप्ता, अवनीश गुप्ता, अमित बंसल सह संगठन मंत्री, अमित जैन, अनूप जिंदल, अमित गोयल वैवाहिक सेल, विष्णु गोयल, विमल जैन, विनित गुप्ता विशेष सलाहकार, महेश गुप्ता ऑडिटर शामिल हैं। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि वैश्य बंधु समाज सामाजिक कार्यों जैसे चिकित्सा व रक्तदान शिविर, जरुरत मंद निर्धन व्यक्तियों की मदद आदि गतिविधियों को निरंतर चलाए रखेगा।

### महिलाओं को दी वन–धन योजना की जानकारी

विकासनगर। ब्लॉक सभागार में वन–धन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं को योजना की विस्तृत जानकारी मुहैया कराने के साथ ही महिला कलस्टर के प्रोडक्ट उत्पादन कक्ष का उद्घाटन भी किया गया। जनजाति कल्याण मंत्रालय से आए अधिकारी चमन सिंह और भोला सिंह ने बताया कि वन–धन मिशन गैर–लकड़ी के वन उत्पादन का उपयोग करके जनजातियों के लिए आजीविका के साधन उत्पन्न करने की पहल है। जंगलों से प्राप्त होने वाली संपदा जो कि वन धन है, का कुल मूल्य दो लाख करोड़ रुपये प्रतिवर्ष है। इस पहल से जनजातीय समुदाय के सामूहिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहन मिलता है। वन धन योजना का उद्देश्य परंपरागत ज्ञान और कौशल को सूचना प्रौद्योगिकी की मदद से और निखारना भी है। वन संपदा समृद्ध जनजातीय जिलों में वन धन विकास केंद्र जनजातीय समुदाय के जरिये संचालित होते हैं।

## घोटालों में संलिप्त अपने पदाधिकारियों को बचाने का काम कर रही भाजपा सरकार : करन माहरा



हरिद्वार। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार घोटालों में संलिप्त पार्टी के पदाधिकारियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के केस की हल्की पैरवी करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित कर रही है। हाकम सिंह को जमानत मिलना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा फिर से भाजपा के एक पदाधिकारी का नाम लोक सेवा आयोग में हुई परीक्षा घोटाले में आना सिद्ध करता है कि भाजपा पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके लिए जनता के बीच जाकर जनता को भाजपा के काले चिटठे खोलेगी।

शुक्रवार को हरिद्वार के गंगा स्वरुप आश्रम में उत्तराखड यूथ कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में पहुंच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कही।


इससे पूर्व प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे चकराता विधायक प्रीतम सिंह चौहान ने यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को कहा कि हमें बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करना है। जिसके लिए हमें प्रत्येक बूथ के प्रत्येक व्यक्ति तक अपनी पकड़ बनानी होगी। यह तभी संभव है जब कांग्रेस का कार्यकर्ता सक्रियता से काम करते हुए लोगों से मिलकर भाजपा के भ्रष्टाचार को जनता तक पहुंचाए।

## गंदगी फैलाने और पॉलीथिन के उपयोग पर 98 लोगों का हुआ चालान


हरिद्वार। नगर निगम की टीम ने हरकी पैड़ी, रोड़ीबेलवाला,कनखल भूपतवाला, ज्वालापुर, जगजीतपुर और मायापुर क्षेत्र में गंदगी करने वाले और पॉलीथिन का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने इस दौरान 98 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने 98 लोगों का चालान कर उनसे 33600 रूपए का जुर्माना भी वसूला। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने कहा गंदगी करने वाले और पॉलीथिन का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कार्यवाहक शाखा डाकपाल पर साढ़े पांच लाख के गबन का आरोप

हरिद्वार। भारतीय डाक विभाग की शाखा औरंगाबाद में लाखों रुपये के गबन का आरोप कार्यवाहक सहायक शाखा डाकपाल पर लगा है। सिडकुल पुलिस ने हरिद्वार डाकघर उपमंडल सहायक अधीक्षक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। सहायक अधीक्षक का कहना है कि इससे पहले डाकघर में लाखों रुपये की एफडी का पैसा गबन किया जा चुका है। पहले भी इसमें मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। सिडकुल स्थित औरंगाबाद शाखा डाकघर में कार्यरत बलजीत सहायक शाखा डाकपाल ने वर्ष 2016 से वर्ष 2021 तक लाखों रुपये का एफडी में गबन किया है। जब डाकघर में उपभोक्ताओं की एफडी का समय पूरा हुआ और उपभोक्ता अपनी रकम लेने पहुंचे तब मामला पकड़ में आया। जब इस संबंध में डाकपाल से जानकारी ली गई तो वह इधर–उधर की बातों में उलझाने लगा और जानकारी भी नहीं दे पा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर ने बताया कि भारतीय डाक विभाग कार्यालय हरद्विार के सहायक अधीक्षक डाकघर उपमंडल दीपक शर्मा की शिकायत पर हरपाल सिंह निवासी ग्राम ब्रह्मपुरी, रावली महदूद कार्यवाहक सहायक शाखा डाकपाल औरगांबाद लेखा कार्यालय बहादराबाद के विरुद्ध 5.53 लाख रुपये सरकारी धन के गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू जार दी है।


**उत्तर रेलवे**




**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली मुहरबन्द ई-निविदा सिंगल पैकेट सिस्टम पर आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में मुरादाबाद मण्डल में रोजा फ्लाईओवर (बरतारा-प्रस्तावित शाहजहाँपुर केबिन) (19.08 कि.मी) तथा रोजा से मुरादाबाद के बीच प्रस्तावित तीसरी और चौथी लाइन (172 कि.मी.) के लिये अन्तिम लोकेशन सर्वेक्षण का कार्य करना। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 6 (छह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 3,08,67,770.17 |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रु. 3,04,300.00 |
| 5 | ई निविदा अपलोड करने व खुलने की तिथि | ई-निविदा दिनांक **24.02.2023** को **11.30** बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। बोलीकर्ता ई-टेंडर में भाग ले सकते हैं। टेक्निकल कम कमर्शियल बिड दिनांक **24.02.2023** को **11.30** बजे तक ई-टेंडर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। |
| 6 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई-निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **10.02.2023** से दिनांक **24.02.2023** को **11.30** बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डोक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |

**निविदा सूचना सं.: 1-डब्ल्यू-टेण्डर-280/उप मु. अभि.नि.मुरादाबाद दिनांक: 03.02.2023**

362/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# विस्थापन क्या स्थाई समाधान?

जोशीमठ की वर्तमान परिस्थितियां एक तरफ तो नियंत्रण में नजर आती है तो वही यहां के स्थानीय निवासियों के विस्थापन को लेकर भी चुनौतियों का अंबार खड़ा हो रहा है। उधर सरकार दरारों को लेकर उसके ट्रीटमेंट की तैयारी कर रही है लेकिन यह प्रातिक आपदा धीरे-धीरे आप दूसरे स्थानों पर भी बढ़ने लगी है। उधर भू विज्ञानियों ने स्पष्ट किया है कि जोशीमठ की जमीन धीरे-धीरे बैठ रही है और इसका क्रम अभी भी जारी है। भू-धंसाव को लेकर इसरो की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 12 दिन में जोशीमठ की जमीन 5.4 सेंटीमीटर धंसी है। इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर की ओर से सैटेलाइट इमेज जारी की गई। जिसमें यह साफ दिखाई दे रहा है। इस संबंध में इसरो की ओर से सेटेलाइट तस्वीरें भी जारी की गई है जिसमें बताया गया है कि जोशीमठ शहर 27 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच 5.4 सेमी नीचे धंसा है। जनवरी समाप्त होने के बाद इस दिशा में कुछ कमी आई है लेकिन कुछ दूसरे स्थानों पर भी दरारों की बातें सामने आने लगी हैं। जनवरी महीने में 12 दिनों के अंदर शहर 5.4 सेंटीमीटर नीचे चला गया। नरसिंह देवता के मंदिर के अतिरिक्त सेना का हेलीपैड भी जमीन दरकने से प्रभावित हुआ है। धंसने का केंद्र 2180 मीटर की ऊंचाई पर जोशीमठ-औली रोड के पास स्थित है। इसरो ने इस संबंध में कुछ और भूगर्भीय बिंदु भी जारी किए है जिसके तहत बताया गया है अप्रैल से नवंबर 2022 के बीच धंसने की दर बहुत कम थी। इस दौरान जोशीमठ 9 सेमी तक धंसा था जबकि अप्रैल और नवंबर 2022 के बीच 7 महीने की अवधि में जोशीमठ शहर के भीतर 9 सेमी तक जमीन धंसी। यह तो स्पष्ट है कि जोशीमठ और इसके आसपास हुए अवैध निर्माण तथा विभिन्न परियोजनाओं के कारण आज यह पूरा शहर खतरे की चपेट में है। जोशीमठ के इस प्रकरण ने यह भी साफ कर दिया है कि विकास के नाम पर पहाड़ों में जो कुछ हो रहा है वह एक बड़े खतरे की घंटी है। पहाड़ों की भौगोलिक परिस्थितियों के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्य स्थानीय लोगों एवं क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जोशीमठ में पैदा हुए खतरे से वर्तमान एवं आने वाली सरकारों को भी यह सोचना होगा कि विकास के नाम पर पहाड़ों का दोहन बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। भविष्य की योजनाओं को फलीभूत करने से पूर्व पहाड़ों के हित एवं भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है। भू वैज्ञानिकों ने इस दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है तो वहीं राज्य सरकार भी दरारों को भरने का ट्रीटमेंट कर रही है। इस सब के बीच स्थानीय लोगों के विस्थापन को लेकर एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जोशीमठ के आसपास के क्षेत्रों में भी दरारों का बढ़ना शुरू हो गया है। इस प्रातिक विपदा का दर्द वही व्यक्ति समझ सकता है जो इस विपदा से गुजरा हो और उत्तराखंड के किस क्षेत्र में ऐसी विविधा कब लोगों पर उम्र पड़े कुछ कहा नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ की प्रातिक आपदा को लेकर एवं पर्यवेक्षण कर रहे हैं और यही सबसे सुखद संकेत है। उत्तराखंड हमेशा से पतिक आपदाओं का क्षेत्र बना रहा है और तमाम प्रातिक आपदाओं के बावजूद उत्तराखंड के लोगों ने अपने अदम्य धैर्य का परिचय पूरे देश को दिया है।

# बजट-2023-24 : सबको खुश रखने की कोशिश

**भाजपा की सरकार है और भाजपा की स्थिति यहां डावांडोल बताई जाती है। मई, 2023 में यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में आई प्रातिक आपदाओं के लिए कभी बजटीय प्रावधान की घोषणा नहीं की गई थी। इस बजट की सबसे गजब बात यह है कि वित्त मंत्री ने अपने पूरे बजट भाषण में किसानों की आय दोगुनी करने का जिक्र तक नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में आह्वान किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। किसानों की आय कहां तक पहुंची है, अब स्वयं प्रधानमंत्री भी इसका जिक्र नहीं करते हैं। पेश बजट में कुल व्यय का अनुमान 4503 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले बजट से 75 फीसदी ज्यादा है,**




**राजेश रपरिया**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना पांचवां बजट पेश करते समय सबको भरमाने की पूरी कोशिश की है। इस साल नौ विधानसभाओं के चुनाव हैं, और 2024 में लोक सभा चुनाव।

इसलिए उन्होंने ग्रामीण, शहरी मतदाताओं को रिझाने के लिए भरपूर कोशिश की है। मोदी सरकार के सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने यह कहने में कोई संकोच नहीं किया कि मध्यम वर्ग को घास नहीं डाली जाती है, लेकिन इस बजट में उनका ध्यान रखा गया है पर आयकरदाताओं को जो राहत वित्त मंत्री ने दी है, वे नये और पुराने, टैक्स राज के भ्रमजाल में उलझ कर रह गई है।

वित्त मंत्री ने पुराने टैक्स राज में कोई राहत प्रदान नहीं की है जबकि आज की तारीख में 90 फीसदी से अधिक करदाता पुराने टैक्स राज के माध्यम से अपना टैक्स अदा करते हैं, जिसमें 80 सी के तहत डेढ़ लाख रुपये सालाना बचत निवेश पर टैक्स टूट मिलती थी। नये टैक्स राज में प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने इसमें इनकम टैक्स टूट की सीमा 5 लाख रुपये से बढ़ा कर 7 लाख रुपये कर दी है। इसके साथ 50 हजार रुपये की मानक कटौती का लाभ भी अब नये टैक्स राज में मिलेगा जो पहले नहीं मिलता था। वित्त मंत्री के अनुसार मानक कटौती के शामिल होने से ही प्रत्येक वेतनभोगी व्यक्ति, जिसकी आय 155 लाख रुपये या उससे अधिक है, को परिणामस्वरूप 52 हजार 500 रुपये का लाभ मिलेगा। इस बजट में मेहनतकश, श्रमजीवी और गरीबों के लिए कोई खास घोषणाएं नहीं की गई हैं जबकि देश के धनाढयों पर अधिकतम टैक्स दर 42.7 फीसदी थी, इसे घटाकर 39 फीसदी कर दिया गया है। यह उच्चतम अधिभार 37त्न को घटाकर 25 फीसदी कर दिया गया है जिससे अधिकतम 25 टैक्स दर में तकरीबन 4 फीसदी की कमी आई है।

ग्रामीण मतदाताओं को भरमाने के लिए वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बहुत जोर देकर घोषणा की है कि प्रधान मंत्री आवास योजना के परिव्यय को 66 फीसद से बढ़ाकर 79590 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पर वित्त मंत्री द्वारा पेश दस्तावेज बताते हैं कि पिछले साल इस पर 77130 करोड़ रुपये आने का संशोधित अनुमान है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रधान मंत्री सड़क योजना सबसे पसंदीदा योजनाओं में से एक है लेकिन इसके परिव्यय में कोई बढ़ोतरी पिछले या संशोधित बजट अनुमान से नहीं की गई है। बजट बनाते समय वित्त मंत्री पर चुनावों का दबाव साफ दिखाई देता है। कर्नाटक राज्य में सूखे से निपटने के लिए 5300 करोड़ रुपये बजट में दिए गए हैं।

यहां भाजपा की सरकार है और भाजपा की स्थिति यहां डावांडोल बताई जाती है। मई, 2023 में यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। केरल, तमिलनाडू और ओडिशा में आई प्रातिक आपदाओं के लिए कभी बजटीय प्रावधान की घोषणा नहीं की गई थी। इस बजट की सबसे गजब बात यह है कि वित्त मंत्री ने अपने पूरे बजट भाषण में किसानों की आय दोगुनी करने का जिक्र तक नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में आह्वान किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। किसानों की आय कहां तक पहुंची है, अब स्वयं प्रधानमंत्री भी इसका जिक्र नहीं करते हैं। पेश बजट में कुल व्यय का अनुमान 45.03 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले बजट से 75 फीसदी ज्यादा है, और कुल राजस्व प्राप्तियां 26.32 लाख करोड़ रुपये की दर्शाई गई हैं, जो पिछले बजट के संशोधित अनुमान से लगभग 12 फीसदी ज्यादा है। ये सारी गणनाएं 105 फीसदी की सांकेतिक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) विकास दर पर की गई हैं।

105 फीसदी की सांकेतिक जीडीपी दर का गणित बीते मंगलवार को पेश आर्थिक सव्रेक्षण से मेल नहीं खाता है। इस सव्रेक्षण में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी की विकास दर 6 से 68 फीसदी रहेगी। यदि सांकेतिक दर में से महंगाई दर घटा देते हैं, तो वास्तविक जीडीपी विकास दर आ जाती है। अब सांकेतिक जीडीपी दर 105 में से 6 फीसदी की वास्तविक जीडीपी दर घटा दें तो महंगाई दर 45 फीसदी आती है, जिसकी कोई चर्चा न बजट में है, न आर्थिक सव्रेक्षण में। मोदी सरकार के आर्थिक सलाहकार नागेरन का भरोसा है कि 2023-24 में जीडीपी विकास दर 65 रहेगी तो महंगाई दर महज 4 फीसदी होनी चाहिए जिसका भरोसा स्वयं भारतीय रिजर्व बैंक को नहीं है, जो महंगाई को नियंत्रित करने के लिए मौद्रिक उपाय करता है। मतलब यह है कि बजट का गणित कच्चा लगता है।

रोजगार को बढ़ाने के लिए बजट भाषण में पर्यटन विकास पर वित्त मंत्री ने काफी जोर दिया है। लेकिन यह कैसे बढ़ेगा, इसका कोई खाका पेश नहीं किया गया है। पर्यटन उद्योग जीएसटी की भारी दरों से परेशान है, जिससे पर्यटन उद्योग का विकास ठहरा हुआ सा है। हां, बजट घाटा अनुमान के अनुसार जीडीपी का 5.9 फीसदी रखा गया है। पूंजीगत खच्रे में खासी वृद्धि की गई है, जिसके लिए 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। लेकिन शिक्षा-स्वास्थ्य के बजट में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई है। सरकार का पूरा जोर लोहे-लगड़ यानी आधार मूल ढांचे के विकास पर ज्यादा है। लेकिन मेहनतकश आदमी को निहत्था छोड़ दिया गया है।

इतनी महंगाई हो जाने के बाद भी ग्रामीण असहाय मजदूरों को रोजगार गारंटी देने वाली योजना मनरेगा के बजट में कोई वृद्धि नहीं गई है, बल्कि पिछले साल के संशोधित अनुमान में 29 हजार करोड़ रुपये घटा दिया गया है। कुल मिला कर इस बजट में चुनावी हल्ला ज्यादा है, गल्ला कम।

# आइडिया चाहिए, एकाउंटिंग नहीं

नई परिस्थितियों में भारतीय अर्थव्यवस्था को कैसी दिशा की जरूरत है, इस सवाल पर चर्चा की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन इसमें कोई योगदान करने के बजाय आर्थिक सर्वे महज दूरगामी सब्जबाग दिखाने का दस्तावेज बन कर रह गया।

आर्थिक सर्वे से अपेक्षा रहती है कि वह चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था का जो हाल रहा, में उसकी ठोस तस्वीर पेश की जाएगी। चूंकि यह दस्तावेज सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार तैयार करते हैं, तो यह अपेक्षा रहती है कि वे अपनी विशेषज्ञता का लाभ देते हुए अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद समस्याओं के समाधान के लिए कुछ विकल्प पेश करेंगे। लेकिन वर्तमान सरकार के तहत- खासकर इसके दूसरे कार्यकाल में यह सरकारी नारों और सरकार के राजनीतिक तकाजों के मुताबिक कहानी बताने का दस्तावेज भर बनता चला गया है। इसलिए 2022-23 के सर्वे से कोई ऐसा आइडिया सामने नहीं आया है, जिस पर बहस की जाए। मसलन, जब अरविंद सुब्रह्मण्यम नरेंद्र मोदी सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार थे, तब उन्होंने सर्वे में बढ़ती गैर-बराबरी जैसी समस्याओं पर गौर किया था। उससे न्यूनतम बुनियादी आय (यूबीआई) जैसे विचार बहस के लिए मिले थे।

उसके बाद ऐसे विचारों का अभाव होता गया है। इस समय विश्व अर्थव्यवस्था एक बुनियादी बदलाव के दौर में है। ग्लोबलाइजेशन का दौर पलट गया है और अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देशों में आर्थिक नीतियां तय करने में फिर से सरकारों ने अपनी भूमिका बढ़ा ली है। यानी 1990 के दशक में मुक्त बाजार का जो विचार प्रचलित हुआ था, वह अब अतीत की बात हो गया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अमेरिकी डलर से अलग रहते हुए भुगतान करने का नया चलन सामने आया है, जिससे एक बिल्कुल नई वित्तीय व्यवस्था के अस्तित्व में आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में भारत के सामने क्या विकल्प हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को कैसी दिशा की जरूरत है, इस अहम सवाल पर चर्चा की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन इस दिशा में कोई योगदान करने के बजाय आर्थिक सर्वे महज एकाउंटिंग और दूरगामी सब्जबाग दिखाने का दस्तावेज बन कर रह गया।

# कश्मीर में चुनाव का क्या होगा?



जम्मू कश्मीर में इस साल गर्मियों में विधानसभा चुनाव होगा या चुनाव टला रहेगा? यह लाख टके का सवाल है, जिसका जवाब कायदे से चुनाव आयोग के पास होना चाहिए लेकिन ऐसा लग नहीं रहा है कि उसके पास जवाब है। चुनाव का फैसला आयोग को नहीं, बल्कि सरकार को करना है। इसकी वजह यह है कि सुरक्षा कारण बता कर सरकार चुनाव टाले रह सकती है। चुनाव से जुड़ी लगभग सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। परिसीमन का काम हो गया है। सीटों के आरक्षण का काम हो गया है। अब मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम हो रहा है और चुनाव आयोग आयोग चाहे तो अगले कुछ दिन में किसी भी समय चुनाव की घोषणा कर सकता है।

भाजपा के नेताओं ने भी कुछ समय पहले बहुत साफ संकेत दिए थे कि मई में विधानसभा का चुनाव हो जाएगा। पार्टी के महासचिव तरुण चुघ ने पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में पार्टी के नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा था। लेकिन यह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के जम्मू कश्मीर जाने से पहले की बात है। राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को जम्मू कश्मीर में जिस तरह का रिस्पांस मिला है और जिस तरह से गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में लौटे हैं उसे देखते हुए लग रहा है कि भाजपा की रणनीति बदल सकती है।

भाजपा को बहुत यकीन था कि डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी कांग्रेस को इतना नुकसान कर देगी कि कांग्रेस अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगी। यह भी लग रहा था कि कश्मीर में पूरी तरह से आजाद पर निर्भर कांग्रेस की यात्रा को राज्य में बहुत अच्छा रिस्पांस नहीं मिलेगा और यात्रा फेल हो जाएगी। लेकिन उलटा हुआ। आजाद की पार्टी से जुड़े कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कांग्रेस में वापस लौट गए। इसके बाद राहुल की यात्रा जब जम्मू कश्मीर पहुंची तो पूरे रास्ते यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। राज्य की दोनों बड़ी पार्टियों- नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के नेता अलग अलग जगहों पर यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा के समापन कार्यक्रम में भारी बर्फबारी के बावजूद लोग राहुल गांधी का भाषण सुनने पहुंचे। राहुल ने भी मौके के अनुकूल बहुत मार्मिक भाषण दिया। उन्होंने कश्मीरी लोगों, सुरक्षा बलों और सेना के जवानों व उनके परिवारों से अपने को जोड़ा। उन्होंने कश्मीर की अपनी यात्रा को अपने घर की यात्रा बताया और याद दिलाया कि उनके पूर्वज कश्मीर से निकल कर ही इलाहाबाद गए थे। सो, एक तरफ कांग्रेस की जड़ मजबूत हुई है और उसे लोगों का समर्थन मिला है तो दूसरी ओर राज्य की प्रादेशिक पार्टियों का समर्थन भी उसको मिला है। ऐसे में अगर विधानसभा चुनाव की घोषणा होती है तो जम्मू क्षेत्र में भी भाजपा के लिए लड़ाई बहुत आसान नहीं रह जाएगी। अगर कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी तीनों मिल कर लड़ते हैं और साथ में सीपीआई भी शामिल रहती है तो गठबंधन का पलड़ा भारी रहेगा। जबकि भाजपा को हर हाल में चुनाव जीतना है और हिंदू मुख्यमंत्री बनाना है। अगर उसे लगता है कि ऐसा नहीं हो पाएगा तो तय मानें कि चुनाव टला रहेगा।

# कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स का विकल्प बन सकता है आईशैडो



आईशैडो एक आई मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल आईलिड पर किया जाता है और इससे कई तरह के स्टाइल आसानी से क्रिएट किए जा सकते हैं। हालांकि, इसका इस्तेमाल सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। आप चाहें तो कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स के विकल्प के तौर पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए आज आईशैडो से जुड़े पांच बेहतरीन हैक्स के बारे में जानते हैं।

**आइब्रो को उभारने के लिए किया जा सकता है इस्तेमाल**

अगर आपकी आइब्रो पेंसिल खत्म हो गई है या आप इसमें निवेश नहीं करना चाहते हैं तो अपनी आइब्रो को उभारने के लिए आप आईशैडो का भी इस्तेमाल करे सकते हैं। आइब्रो पर आईशैडो पाउडर का इस्तेमाल करने से वे अधिक प्रातिक, मुलायम और मोटी दिखती हैं। इसके लिए मैट डार्क ब्राउन या ब्लैक शेड चुनें और इसे एंगल्ड ब्रश से अपनी आइब्रो पर लगाएं।

**चीकबोन्स को करें कंटूर**

महंगे कंटूर स्टिक या ब्रन्जर की जगह भी आप आईशैडो का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आप इन प्रोडक्ट के लिए अधिक पैसा खर्च करने से भी बच सकते हैं। अपनी त्वचा की टोन से एक या दो शेड गहरे रंग का आईशैडो चुनें और इसे अपने चीकबोन्स के बीच में ज लाइन के नीचे और माथे के किनारों पर एंगल्ड ब्रश से लगाएं और फिर इसे अच्टे से ब्लेंड करें।

**बतौर आईलाइनर करें इस्तेमाल**

अपने आईशैडो शेड को एक लिक्विड आईलाइनर में बदलें और इसे अपनी लैश लाइन पर एक एंगल्ड ब्रश से लगाएं। इस्तेमाल से पहले ब्रश को गुलाब जल से गीला करना न भूलें। आप भूरे या काले जैसे क्लासिक आईलाइनर रंगों को चुन सकती हैं या चमकीले रंगों के साथ एक्सपेरिमेंट भी कर सकते हैं। आप इसे अपनी वटरलाइन पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक की तरह करें इस्तेमाल**

क्या आप जानते हैं कि आपका आईशैडो न्यूड लिपस्टिक में भी बदल सकता है? एक न्यूड आईशैडो पैलेट न्यूड लिपस्टिक शेड की तरह प्रभावी रूप से काम कर सकता है और आपको आकर्षक लुक दे सकता है। इसके लिए सबसे पहले अपने होठों पर थोड़ा कंसीलर लगाएं। फिर इन पर थोड़ा न्यूड आईशैडो शेड लगाएं और अच्छी तरह ब्लेंड करें। अंत में होंठों पर लिपबाम लगाएं।


**हाइलाइटर के रूप में करें इस्तेमाल**

अगर आप अपने नियमित हाइलाइटर का इस्तेमाल करके उब्ब चुके हैं तो अपने आईशैडो से एक अच्छा शेड चुनकर अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करें। फ्ललेस मेकअप फिनिश पाने के लिए न्यूड शेड चुनें और इससे अपने चेहरे के विशेष हिस्सों को हाइलाइट करें। ग्लैम लुक के लिए आप गोल्ड या मैटेलिक आईशैडो का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने कलरबोन पर भी आईशैडो लगा सकती हैं।

# हॉकी : डालनी होगी जीतने की आदत

**मनोज चतुर्वेदी**

**हॉकी इंडिया को अब खिलाडियों की मेंटल स्ट्रेंथ बनाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है। चौंपियन जर्मनी जैसी कई टीमों के कुछ खिलाड़ी तो व्यक्तिगत मेंटल कोच रखते हैं। इस तरह के खिलाडियों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी कभी नहीं देखी जाती। भारत को अपनी इस गलती को सुधारने की जरूरत है। भारतीय टीम के ग्रुप के पहले दो मैचों में स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ एक भी गोल नहीं खाने से एक बार तो लगा कि हमारा डिदें स मजबूत हो गया है।**



भारतीय हकी टीम के हकी विश्व कप में फ्लप शो का ठीकरा मुख्य कोच ग्राहम रीड के सिर फूट गया है।

भारत ने इस विश्व कप में अज्रेटीना के साथ संयुक्त नवां स्थान प्राप्त किया। इस प्रदर्शन के बाद रीड और उनके सपोर्ट स्टाफ, विश्लेषणात्मक कोच ग्रेग क्लर्क और वैज्ञानिक सलाहकार माइकल पेमबर्टन ने भी इस्तीफा दे दिया है। वैसे तो रीड के नाम तमाम उपलब्यिां हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भारत को चार दशक बाद पोडियम पर चढ़ाया, बर्मिंघम कमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक दिलाया। एफआईएच प्रो लीग के 2021-22 के सत्र में तीसरा स्थान दिलाया। इस लिहाज से लग रहा था कि उन्हें शायद अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक तक बनाए रखा जाएगा। लेकिन हकी इंडिया ने टीम की कमान किसी अन्य कोच देने का मन बना लिया है।

विश्व कप में खराब प्रदर्शन से टीम का मनोबल नीचे है, और एशियाई खेलों के आयोजन में सात माह बाकी रह जाने से भारतीय हकी की डगर थोड़ी मुश्किल नजर आती है। कहा जा रहा है कि स्पेन के मौजूदा कोच मेक्स कालडास को लाने का प्रयास किया जा रहा है पर उनका पेरिस ओलंपिक तक करार होने से दिक्कत हो सकती है। रोलैंट ओल्टमेंस के आने की भी संभावना है। भारतीय टीम का शिविर 12 फरवरी से लगना है। तब तक तो नया कोच आने की संभावना नहीं दिखती।

जितनी जल्दी इस बारे में फैसला होगा उतना ही टीम के लिए अच्छा रहेगा। सही मायनों में भारत के इस फ्लप शो की प्रमुख वजह खेल में निरंतरता की कमी होना रही। इसके पीटे वजह दबाव में धड़कनों पर काबू नहीं रख पाना हो सकती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रसओवर मैच खोने में इस कमजोरी की अहम भूमिका रही। भारत ने इस मुकाबले में एक बार 2-0 और दूसरी बार 3-1 की बढ़त बनाई और वह इसे आखिर तक बनाए रखने में कामयाब नहीं हो सकी। पेनल्टी शूटआउट में भी भारत के लिए जीतने का मौका था पर अपनी गलतियों से उसने न्यूजीलैंड को गिफ्ट में मैच देकर अपने को क्वार्टरफाइनल की रेस से बाहर कर लिया। सही मायनों में भारत ने स्वाभाविक प्रदर्शन तब किया जब कहानी खत्म हो चुकी थी। भारत ने क्वलिफिकेशन मैच में जापान के खिलाफ 8-0 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5-2 से विजय प्राप्त की। सही मायनों में भारत के कुल जमाए 22 गोलों में से 13 गोल इन दो मैचों में ही आए हैं।

मौजूदा समय में खिलाडियों का कौशल मांजने के साथ मेंटल कंडीशिनिंग भी बेहद जरूरी होता है। हमारी टीम इस क्षेत्र में पिछड़ी नजर आती है पर भारतीय टीम बिना साइक्लोजिस्ट के खेल रही है। इसका भारतीय हकी को खमियाजा भुगतना पड़ा है।

हॉकी इंडिया को अब खिलाडियों की मेंटल स्ट्रेंथ बनाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है। चौंपियन जर्मनी जैसी कई टीमों के कुछ खिलाड़ी तो व्यक्तिगत मेंटल कोच रखते हैं। इस तरह के खिलाडियों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी कभी नहीं देखी जाती। भारत को अपनी इस गलती को सुधारने की जरूरत है। भारतीय टीम के ग्रुप के पहले दो मैचों में स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ एक भी गोल नहीं खाने से एक बार तो लगा कि हमारा डिदें स मजबूत हो गया है। लेकिन पहले ग्रुप मैच में वेल्स और फिर क्रसओवर मैच में न्यूजीलैंड ने जब काउंटर अटैक बनाए तो हमारा डिदें स एकदम छितराता नजर आया। वेल्स जैसी कमजोर टीम ने हमारे ऊपर एक समय तो मुकाबला बराबर खेलने का दबाव बना दिया था। किसी तरह हमारी टीम इस दबाव से तो निकलने में सफल हो गई पर न्यूजीलैंड द्वारा बनाए दबाव से नहीं बच सकी।

इसकी एक वजह तो यह नजर आई कि भारतीय मिडफील्डरों और फरवडरे ने हमले बनाने पर तो ध्यान दिया पर गेंद पर ज्यादा समय कब्जा रखने पर ध्यान नहीं दिया। परिणाम रहा कि भारत ने तेज गति से हमले बनाए और इसके तत्काल बाद भारतीय खतरा क्षेत्र में गेंद लौटती रही। इस वजह से डिदें डरों को उभरने का समय नहीं मिल सका और वे लगातार दबाव में नजर आए। पहले मैच में मिडफील्ड में खेल को संचालित करने वाले हार्दिक सिंह के चोटिल हो जाने पर टीम के बाएं फ्लैंक से हमले बनने में एकदम से कभी आ गई। टीम ज्यादातर समय दाहिने फ्लैंक या फिर सेंटर से हमले बनाने लगी। इसका परिणाम हुआ कि विपक्षी डिदें डरों को भारतीय हमले रोकने में आसानी हुई और खुद हमले बनाने के लिए एक करिडोर खुल गया जिसका विपक्षी टीमों ने फायदा उठाया।

एंड्रे हेनिंग की टीम जर्मनी का हार नहीं मानने का जज्बा आखिर काम आया और वह हकी विश्व कप के खिताब पर कब्जा जमाने में सफल हो गई। यह खिताब उन्होंने 2006 के बाद जीता है, जो उनका तीसरा विश्व खिताब है। हेनिंग इस तरह विश्व हकी पर जर्मनी के दबदबे को फिर से स्थापित करने में सफल हो गए हैं। वह पेनल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में पिछली चौंपियन बेल्जियम के दबदबे को 5-4 से तोडने में तो कामयाब रही ही। खिताब की भी प्रमुख दावेदार मानी जा रही अस्ट्रेलिया के पदक से वंचित रहने से साबित हो गया कि उन्हें फिर से बादशाहत बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। वह असल में कांस्य पदक के मुकाबले में नीदरलैंड से हार गई।

# केंद्रीय कर्मियों को होली पर मिल सकता है डीए बढ़ोतरी का तोहफा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को होली से पहले महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का तोहफा मिल सकता है। मौजूदा परिस्थितियों में अगर चार फीसदी डीए बढ़ता है, तो केंद्र सरकार के 47 लाख केंद्रीय कर्मियों और 63 लाख पेंशनरों का डीएध्डीआर 38 फीसदी से बढ़कर 41 फीसदी हो जाएगा। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि इस बार सरकार, डीए व डीआर की बढ़ी हुई दरों की घोषणा करने में देरी नहीं करेगी। वजह, कई कारणों से सरकार दबाव में है। अभी तक केंद्र ने कोरोनाकाल के दौरान फ्रीज किए गए डीए का 18 माह का एरियर नहीं दिया है। साथ ही, पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने आंदोलन शुरू किया है। ऐसे में केंद्र सरकार समय रहते श्डीएश की दरों में इजाफा कर सकती है।

इससे पहले गत वर्ष सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए की दर बढ़ाने के फैसले पर मुहर लगी थी। तब 34 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा था। डीएध्डीआर में चार फीसदी का इजाफा होने से वह दर बढ़कर 38 फीसदी हो गई थी। केंद्र सरकार द्वारा, महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में हर वर्ष पहली जनवरी और पहली जुलाई से बढ़ोतरी करने का नियम है। अब कई वर्षों से ये भत्ते जारी होने में कुछ माह की देरी होने लगी है। गत वर्ष जुलाई से डीए में जो बढ़ोतरी होनी थी, उसकी घोषणा सितंबर के अंत में की गई थी। तब अल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फर इंडस्ट्रियल वर्कर्स का डाटा, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में लगभग पांच फीसदी तक की बढ़ोतरी की संभावना जता रहा था।

अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में षि श्रमिकों का सामान्य सूचकांक अक्तूबर 2022 में 1159 और नवंबर में 1167 रहा था। इसी तरह ग्रामीण श्रमिकों के मामले में यह सूचकांक अक्तूबर 2022 में 1170 था। नवंबर में यह सूचकांक 1178 हो गया था। इस सूचकांक का असर थोक मूल्य सूचकांक पर भी पड़ता है। हालांकि सरकारी आंकड़ों में बताया गया है कि सितंबर 2022 में 3966 फीसदी के मुकाबले अक्तूबर में सब्जियों की कीमतें घटकर 1761 फीसदी रह गई। अनाज की कीमतें अक्तूबर में बढ़कर 1203 फीसदी हो गई थी।

सितंबर में यह प्रतिशत 1191 था। उक्त अवधि में धान 579 फीसदी से बढ़कर 663 फीसदी हो गया। गेहूं 1609 फीसदी से बढ़कर 1625 प्रतिशत हो गया। अंडे, मांस और मछली की बिक्री में भी 363 फीसदी से बढ़कर 397 फीसदी का उछाल आया था।

सितंबर में जब डीए की घोषणा हुई तो कोरोनाकाल के दौरान फ्रीज किए गए डीएध्डीआर का 18 माह का एरियर दिए जाने को लेकर केंद्र सरकार की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई। हालांकि वह एरियर जारी कराने को लेकर केंद्रीय कर्मियों ने सरकार पर भारी दबाव बनाया था। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने 18 अगस्त 2022 को कैबिनेट सेक्रेटरी एवं नेशनल काउंसिल श्जेसीएमश के चेयरमैन को पत्र लिखा था। उसमें एक जनवरी 2020 से एक जुलाई 2020 और एक जनवरी 2021 से प्रभावी महंगाई भत्तेध्महंगाई राहत का एरियर जारी करने की मांग की गई थी। मिश्रा ने एरियर की राशि जारी करने के लिए केंद्र सरकार को यह विकल्प भी दिया था कि वह इसके लिए कोई मैकेनिज्म तैयार करना चाहती है, तो उसके लिए कर्मचारी, सरकार का सहयोग करेंगे। कैबिनेट सचिव को लिखे अपने पत्र में जेसीएम सेक्रेटरी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा फरवरी 2021 में दिए गए एक फैसले का हवाला दिया है। इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, आर्थिक संकट के कारण कर्मचारियों के वेतन या पेंशन को अस्थायी रूप से रोका जा सकता है। स्थिति में सुधार होने पर इसे कर्मचारियों को वापस देना होगा। ये कर्मियों का वैद्य अधिकार है। इनका भुगतान कानून के मुताबिक होना चाहिए।

केंद्र सरकार ने 2020 के शुरू में यह घोषणा कर दी थी कि सरकारी कर्मियों को डीएध्डीआर व दूसरे भत्ते नहीं मिलेंगे। जेसीएम के सदस्य सी श्रीकुमार के मुताबिक, केंद्र सरकार ने तब कोविड-19 की आड़ लेकर सरकारी कर्मियों और पेंशनरों के डीए/डीआर पर रोक लगा दी थी। केंद्र सरकार ने उस वक्त कर्मियों के 11 फीसदी डीए का भुगतान रोक कर लगभग 40000 करोड़ रुपये बचा लिए थे। जब वह रोक हटी, तो केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था, 28 फीसदी के हिसाब से महंगाई भत्ता मिलेगा। उस वक्त उन्होंने एरियर को लेकर कोई बात नहीं कही। केंद्रीय मंत्री की घोषणा का अर्थ यह था कि बढ़े हुए डीए की दर एक जुलाई 2021 से 28 फीसदी मान ली जाए। इसके अनुसार जून 2021 और जुलाई 2021 के बीच डीए में एकाएक 11 फीसदी वृद्धि हो गई, जबकि डेढ़ साल की अवधि में डीए की दरों में कोई वृद्धि दर्ज नहीं की गई। एक जनवरी 2020 से लेकर एक जुलाई 2021 तक डीएध्डीआर फ्रीज कर दिया गया था।

## जम्मू के कटरा में वैष्णो देवी भवन के पास दुकान में लगी आग

**जम्मू एजेंसी, (एजेंसी)।** जम्मू के कटरा में वैष्णो देवी भवन के पास एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली। आग को काबू कर लिया गया है। समाचार लिखे जाने तक घटना में किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## महिला पार्षद की गोली मारकर हत्या, कार में मिली लाश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सायरेविले निवासी न्यू जर्सी की पार्षद की बीती रात उनकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान यूनिस ड्वमफोर के रूप में हुई। उनकी उम्र 30 साल है। यूनिस अपनी सफेद निसान एसयूवी के अंदर मृत पाई गईं। उन्हें कई गोलियां लगी थीं। कार सायरेविले में ला मेर अपार्टमेंट परिसर में कैमलट के पास दुर्घटनाग्रस्त पाई गई थी।

अधिकारियों ने कहा कि 30 वर्षीय ड्वुमफोर को गोली लगने के समय वह अपने वाहन के अंदर थी। कथित तौर पर उसे कई गोलियां लगीं और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। गोली मारने के मकसद का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने यह नहीं बताया कि संदिग्ध की पहचान की गई है या उसे गिरफ्तार किया गया है। मर्फी के अनुसार न्यू जर्सी राज्य पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उत्तर कोरिया ने देश की संवेदनशील जानकारियों की रक्षा के लिए बनाया कानून

**सियोल , एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने आंतरिक अनुशासन को कड़ा करने के प्रयासों के बीच देश की संवेदनशील जाननकारियों की रक्षा करने के उद्देश्य से एक नया कानून बनाया है। प्योंगयांग के राज्य मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्योंगयांग में सुप्रीम पीपुल्स असेंबली (एसपीए) की स्थायी समिति की पूर्ण बैठक में कानून को अपनाया गया।

केसीएनए ने कहा कि कानून का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी देने और देश के विकास में व्यवस्था स्थापित करना है।

पर्यवेक्षकों ने कहा कि लंबी आर्थिक चुनौतियों के बीच कानून राज्य के नियंत्रण और अनुशासन को कड़ा करने के उद्देश्य से प्रतीत होता है। दक्षिण कोरिया का एकीकरण मंत्रालय इस कदम को किम जोंग-उन शासन के अपने समग्र सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों को दर्शाता है। गौरतलब है कि एसपीए उत्तर कोरिया के सत्ता का सर्वोच्च अंग है। यह सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के फैसलों पर मुहर लगाता है।

## पाकिस्तान समर्थक डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि को अमेरिकी कांग्रेस पैनल से किया बाहर

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने प्रभावशाली विदेश मामलों की समिति से भारत की कटु आलोचक और पाकिस्तान समर्थक डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद इल्हान उमर को बाहर कर दिया। सदन ने मुख्य रूप से यहूदियों के खिलाफ उनकी टिप्पणियों के लिए उन्हें उस समिति से हटाया। इस फैसले पर भारत की आलोचक प्रोग्रेसिव ककस की नेता डेमोक्रेट प्रमिला जयपाल ने भरे स्वर में कहा कि उन्हें पैनल से बाहर करना उनकी मजबूत और आवश्यक आवाज को चुप कराने का प्रयास था रिपब्लिकन की बदले की कार्रवाई है। उमर ने कहा, हम कांग्रेस में चुप रहने के लिए नहीं आए हैं।, उन्होंने कहा कि निष्कासन के बावजूद, मेरी आवाज और तेज हो जाएगी। रिपब्लिकन माइक ललर ने कहा कि उमर को उनके शब्दों और कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उमर डेमोक्रेटिक पार्टी के वामपंथी विंग के सदस्य हैं।

# केजरीवाल सरकार ओबीसी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझती है : सुनील यादव

### ओबीसी संघर्ष संयुक्त समिति 5 फरवरी को करेगा जंतर मंतर पर प्रचंड विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** ओबीसी संघर्षों संयुक्त समिति के संयोजक सुनील यादव ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार पिछले 8 सालों से लगातार ओबीसी समाज को अपने झूठे वायदों का शिकार बना रही है।

ओबीसी समाज को केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं से भी वंचित रखा जा रहा है और इसका सबसे बड़ा कारण है कि दिल्ली सरकार ओबीसी सर्टिफिकेट नहीं बनाने दे रही है। सुनील यादव ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली में रहने वाले ओबीसी समाज के सभी पंच दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेंगे ।सुनील यादव ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है यहां पर देश के अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग जाति के लोग समय-समय पर अपने रोजगार या अन्य किसी वजह से दिल्ली में आकर बसते हैं। दिल्ली की आबादी का लगभग 60 फीसदी जनसंख्या ओबीसी समाज का है लेकिन केजरीवाल ने उनका सिर्फ वोट बैंक का इस्तेमाल करने के अलावा कुछ नहीं किया है। सुनील यादव ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में लिखा था कि जब उनकी सरकार बनेगी तब वह दिल्ली में रह रहे ओबीसी समाज के लिए 1993 के पहले के प्रमाण पत्र की बाध्यता को खत्म करेंगे और ओबीसी प्रमाण पत्र का सरलीकरण करेंगे। सुनील यादव ने कहा कि ओबीसी प्रवासी समाज का कोई व्यक्ति चाहे वह 30 साल पहले से रह रहा हो अगर वह दिल्ली सरकार के पास अपना ओबीसी सर्टिफिकेट बनवाने जाता है तो उसे वन 993 के पहले का निवास प्रमाण पत्र मांगा जाता है। क्योंकि वह 193 के बाद दिल्ली में आया है जिस कारण 193 से पहले का निवास प्रमाण पत्र ना होने की वजह से उसका ओबीसी प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है।

कहां है सुनील यादव ने कहा कि आज बच्चों को ओबीसी जाति में होने के बावजूद भी उसको ओबीसी का लाभ नहीं मिल पाता है और ना ही उसके बच्चों का कलेज में एडमिशन हो पाता है नौकरी लेने बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि वह भी सी सर्टिफिकेट उनके पास सरलीकरण से नहीं बन पाता है। सुनील यादव ने कहा कि ना बच्चे नौकरी में ओबीसी कोटे में अप्लाई कर पाते हैं और नौकरी में प्रमोशन में कोई लाभ नहीं मिल पाता जिसकी वजह से 1993 के बाद से देश के अन्य राज्यों से आए तो ओबीसी समाज के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। लेकिन अब इस अन्याय को ओबीसी समाज बर्दाश्त नहीं करने वाला है और जंतर-मंतर पर इसके खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन 5 फरवरी को किया जाएगा।

## बीएसएफ ने पाकिस्तान से आए ड्रोन को मार गिराया

**नई दिल्ली एजेंसी,** । सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब के अमृतसर जिले में पाकिस्तान से आए एक ड्रोन को मार गिराया है। ड्रोन देर रात को भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुआ था और शुक्रवार सुबह सैनिकों ने बर्डर दें स के पास ड्रोन बरामद किया। ड्रोन के साथ एक पैकेट हेरोइन भी बरामद की गई है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि 2-3 फरवरी को रात करीब 230 बजे बीएसएफ के जवानों ने पंजाब के अमृतसर सेक्टर में बीओपी रियर कक्कड़ के पास एक ड्रोन को भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करते हुए देखा। पाकिस्तान की सीमा से दाखिल हुए ड्रोन पर अलर्ट जवानों ने कई राउंड गोलीबारी की।

बीएसएफ के मुताबिक जवानों ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर इलाके में तालाशी अभियान चलाया।

## दिल्ली सरकार के राजस्व में लगभग 2873 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ : मीनाक्षी लेखी

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने ईडी द्वारा शराब घोटाले की जांच में हुए नए खुलासे को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर करारा हमला बोला और कहा कि अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सीधे तौर पर शराब घोटाले में संलिप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब घोटाले से दिल्ली सरकार के राजस्व में लगभग 2873 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने नई आबकारी नीति, घोटाला करने और किकबैक लेने के लिए ही बनाई थी। केजरीवाल ने शराब घोटाले के आरोपी समीर महेन्द्रू को फोन पर आम आदमी पार्टी के कम्यूनिकेशन इंचार्ज विजय नायर को अपना आदमी बताया था। शराब कारोबारी से विजय नायर को 100 करोड़ रुपए मिले, जो उसने गोवा विधानसभा चुनाव में खर्च किया। शराब घोटाले के विभिन्न गावाहों ने अरविंद केजरीवाल का नाम लिया है। अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को शराब घोटालेबाज बताते हुए भाजपा लेखी ने कहा कि ईडी की जांच से स्पष्ट हो गया है शराब नीति की आड़ में दिल्ली की आम आदमी पार्टी गोरखधंधा चला रही है। ईडी ने इस गोरख धंधे में लिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री को बेनकाब कर दिया है।

# प्रधानमंत्री के नाम पर ही चुनाव लड़ेगी भाजपा

**भोपाल,एजेंसी** । भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सामने रखकर विधानसभा चुनाव लडने की रणनीति को आगे बढ़ा रही है। विधानसभा चुनाव वाले नौ राज्यों में प्रधानमंत्री के अधिक से अधिक दौरे होने वाले हैं। इन राज्यों में मध्यप्रदेश भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री जी-20 के इवेंट, इंदौर और भोपाल मेट्रो के शुभारंभ मौके पर तथा ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की 108 फीट प्रतिमा का लोकार्पण करने आने वाले हैं। मध्यप्रदेश में चुनाव अधिसूचना अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जारी होगी। इसके पहले प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के कम से कम छह दौरे करेंगे। प्रदेश भाजपा इन दौरों का पूरा लाभ उठाने की तैयारी कर रही है। कमजोर सीटों पर फोकस करने और बूथ मैनेजेंट को मजबूत करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य केंद्रीय मंत्रीगण लगातार मध्य प्रदेश के दौरे करेंगे। सूत्रों के अनुसार देश के चुनावी पैटर्न का रिसर्च करने के बाद भाजपा के थिंक टैंक ने विधानसभाओं के चुनाव अभियान की रणनीति बदल दी है। भाजपा एंटी इनकंबेंसी फैक्टर को कम करने के लिए विधानसभा चुनावों में भी राष्ट्रीय मुद्दों पर लगातार फोकस करेगी। उत्तर हिमाचल और गुजरात में भी भाजपा ने ऐसा ही किया। हिमाचल प्रदेश में जरूर उसे पार्टी के बागियों के कारण सत्ता गंवानी पड़ी लेकिन भाजपा का वोटर शेयर वहां जरा भी कम नहीं हुआ। पार्टी के रणनीतिकार मानते हैं कि ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के कारण हुआ अन्यथा हिमाचल में भाजपा का सफाया हो जाता। सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश में मिशन 2023 में भाजपा ने जो रणनीति बनाई है वह 2018 के मुकाबले बिल्कुल अलग है। इस रणनीति के केंद्र बिंदु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्हें सामने रखकर भाजपा साढ़े अठारह वर्ष की एंटी इनकंबेंसी को बेअसर करना चाहती है। भाजपा के रणनीतिकारों का आंकलन है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किसी भी मुख्यमंत्री या राज्यों के नेता के मुकाबले अधिक है। पार्टी इसका लाभ लेना चाहती है। मप्र और गुजरात में इसकी विशेष रूप से आवश्यकता है क्योंकि इन दोनों राज्यों में पार्टी लंबे समय से सत्ता में है। इस कारण से एंटी इनकंबेंसी फैक्अर परिणामों को प्रभावित कर सकता है। 2018 में पार्टी इनकंबेंसी फैक्टर का असर देख चुकी है। इस बार ये फैक्टर कमजोर पड़े इसकेक लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगे किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की अखिल भारतीय स्तर पर लोकप्रियता 67 फीसदी आंकी गई है। मप्र में भी इसी अनुपात में प्रधानमंत्री लोकप्रिय हैं। भाजपा प्रधानमंत्री को आगे रखकर लाभार्थी वोट बैंक को भी भुनाना चाहती है। लाभार्थी वोट बैंक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना से लाभान्वित करोड़ों परिवारों से बना है, मप्र में भी विभिन्न योजनाओं के कारण करीब दो करोड़ परिवार लाभान्वित हुए। भाजपा चाहती है

## अदाणी विवाद के बीच खडगे ने बुलाई विपक्ष की बैठक

**नई दिल्ली एजेंसी,** । राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने अदाणी समूह पर शोध समूह हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर रणनीति बनाने के लिए शुक्रवार को विपक्षी दलों की बैठक बुलाई। संसद के दोनों सदनों को गुरुवार को स्थगित कर दिया गया। विपक्ष ने मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा जांच की मांग की है। खडगे ने गुरुवार को कहा था, हम इस मुद्दे पर जेपीसी द्वारा जांच की मांग करते हैं और संसद के अंदर इस मांग को उठाएंगे। हम मांग करते हैं कि कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक जेपीसी का गठन किया जाना चाहिए। विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि अदाणी मुद्दे को उठाने से रोकने के लिए संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई ।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को ट्विटर पर कहा था, संसद के दोनों सदनों को आज दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया, क्योंकि सरकार एलआईसी, एसबीआई और अन्य सार्वजनिक संस्थानों द्वारा जबरन निवेश की जांच की संयुक्त विपक्ष की मांग से सहमत नहीं थी।

## इंदौर में कुत्तों पर दस साल में दस करोड़ रुपये खर्च पर नतीजा शून्य

**इंदौर, एजेंसी** । सफाई का आधा दर्जन बार तमगा हासिल करने वाले शहर में लोग आवारा कुत्तों से जूझ रहे हैं। हर सड़क पर झुंड में मौजूद कुत्ते रोज तमाम लोगों पर हमला करते हैं। अस्पतालों में इनकी भीड़ इसका सबूत है। नगर निगम कुत्तों को पकडता नहीं, वहीं आबादी पर काबू रखने के लिए अफसर नसबंदी की बात करते हैं, मगर उसमें भी कामयाबी नजर नहीं आती। नगर निगम ने कुत्तों की नसबंदी के लिए जिन्हें काम दिया था, उनका वक्त भी पूरा होने पर फिर से टेंडर निकाला है। चार करोड़ रुपए का टेंडर हैं। अगले महीने टेंडर खुलेंगे। सेहत अफसर ड. उत्तम यादव ने बताया कि जिस एजेंसी का टेंडर मंजूर होगा, उसे कुत्तों की नसबंदी की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तीन साल के लिए करार रहेगा। नगर निगम को कुत्तों की शिकायत रोज ही मिलती है। लोग मांग करते हैं कि इन्हें पकड़कर ले जाएं, लेकिन नगर निगम इससे इनकार कर देता है। अफसरों का कहना है कि



नसबंदी कर जहां से पकड़ा है, वहीं से छोड़ेंगे। कुत्तों को मारने और हटाने का काम वे नहीं कर सकते। इसमें वे कुछ अड़चनों का जिक्र करते हैं, लेकिन आम-आदमी की जान से खिलवाड़ को लेकर कोई ठोस योजना उनके पास नहीं है। ये कुत्ते न केवल लोगों को काटते हैं, बल्कि इसका असर सफाई पर भी पड़ता है। ये बात खुद सफाई अमला मानता है, लेकिन सब बेबसी जाहिर करते हैं। नगर निगम ने एनजीओ के जरिए दस बरसों में कुत्तों की नसबंदी पर दस करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर दिए, जावबजू इसके कुत्तों की आबादी पर काबू नहीं पाया जा सकता। दावा तो यह कि एक लाख 60 हजार से अधिक कुत्तों की तादाद कम होती नहीं दिखती। साल 2014-15 में हैदराबाद की वेट्स सोसायअी फर एनिमल वेलफेयर रूलर एंड डेवलपमेंट और देवास की रेडिक्स इन्फार्मेशन सोशल एजुकेशन सोसायटी कुत्तों की नसबंदी कर रही है। शहर में आज भी दो लाख 24 हजार 873 कुत्ते हैं, जबकि एक लाख 60 हजार 158 कुत्तों की नसबंदी कर दी गई है। दोनों एनजीओ को अभी तक नौ से दस करोड़ रुपए का भुगतान नगर निगम कर चुका है। अफसर कहते हैं कि नसबंदी के बाद पिल्ले कम नजर आ रहे हैं, जमीनी हकीकत इससे जुदा है। अभी तक इन पर नियंत्रण नहीं पाया है। एनजीओ की तरफ से कहा जाता है कि बराबर नसंबदी की जा रही है, लेकिन सवाल ये है कि फिर इनकी तादाद घट क्यों नहीं रही। शहर के हर इलाके और चौराहों पर कुत्तों के झुंड बैठे रहते हैं, जो आने-जाने वाले वाहन चालकों के साथ ही बच्चों पर हमला कर देते हैं। इससे वाहन दुर्घटना में भी कई लोग घायल हो गए हैं।

## बेंगलुरुः दंपति से जबरन वसूली करने के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**बेंगलुरू, एजेंसी।** बेंगलुरु में दंपति से कथित तौर पर जबरन पैसे वसूल करने के आरोप में शुक्रवार को दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, हेड कांस्टेबल राजेश और कांस्टेबल नागेश को निलंबित कर दिया गया है। दोनों शहर के सम्पीगेहल्ली पुलिस स्टेशन में तैनात थे। दंपति द्वारा बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त प्रताप रेड्डी से शिकायत करने के बाद यह कार्रवाई की गई है। 8 दिसंबर को, कार्तिक और उनकी पत्नी जन्मदिन की पार्टी से मान्यता टेक पार्क के परिसर में स्थित अपने घर पर वापस जा रहे थे। आरोपी पुलिसकर्मियों ने दंपति को रोका और उनसे कहा कि उन्हें रात 11 बजे के बाद इलाके में नहीं चलना चाहिए। उन्होंने दंपति से उनके रिश्ते के बारे में सवाल पूछकर उन्हें परेशान किया। जब उनसे पहचान पत्र मांगा गया तो दंपत्ति ने उन्हें मोबाइल में अपने आधार कार्ड की फोटो दिखाई। इस पर पुलिसकर्मियों ने उनके मोबाइल छीन लिए और तीन हजार रुपये जुर्माना मांगा। उन्होंने दंपति को पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। दंपति ने क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर 1,000 रुपये का भुगतान किया ।

# 1 लाख परिवारों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा: सीएम मनोहर लाल



**चंडीगढ़ ,एजेंसी** । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा की एक ऐसी अनूठी योजना है जो देश के किसी भी राज्य में नहीं है। योजना का लक्ष्य गरीब परिवारों को बैंकों के माध्यम से ाण उपलब्ध करवाकर स्वरोजगार प्रदान करना है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें। इसके लिए शीघ्र ही अंत्योदय रोजगार मेलों के चौथे चरण का आयोजन किया जाएगा, जहाँ पर संबंधित सरकारी विभागों के साथ- साथ बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाएंगे।

यह जानकारी मुख्यमंत्री ने बैंकर्स के साथ हुई मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक के दौरान दी। मुख्यमंत्री ने बैंक प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि गरीब परिवारों के लिए नई -नई योजनाएं बनाएं। आने वाले समय में 1 लाख अंत्योदय परिवारों को स्वरोजगार के लिए ाण उपलब्ध करवाने के लिए 5 हजार करोड़ रुपये की राशि का अलग से प्रावधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार सहकारिता में एक बड़ा बदलाव लाने के प्रस्ताव पर कार्य कर रही है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सांझा डेयरी की परिकल्पना की गई है। इसके लिए सरकार पंचायती जमीन पर डेयरी के लिए शेड लीज पर उपलब्ध करवाएगी। स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के सभी दस्तावेजों की चेक लिस्ट बना लें ताकि स्वरोजगार मेलों में आने वाले अंत्योदय परिवार उसी दिन अपने ाण संबंधी सभी कागजात जमा करवाकर ाण मंजूर करवा सकें। सरकार की ओर से दूध की खरीद सुनिश्चित करवाई जाएगी और इसके लिए वीटा के अतिरिक्त आउटलेट जगह-जगह पर खोले जाएंगे। इसके लिए वीटा बूथों की मैपिंग की जाएगी।

बैठक में प्रदेश के लीड बैंक पंजाब नेशनल बैंक व सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक सहित राष्ट्रीयत बैंकों व प्राइवेट बैंकों सहित 22 बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बैंकर्स से आग्रह किया कि वे अंत्योदय रोजगार मेलों में स्वरोजगार ाण के लिए विभिन्न विभागों से बैंकों को भेजे गए ाण संबंधी आवेदनों को तत्काल स्वीत करें ताकि लाभार्थी को समय पर ाण मिल सके और वह समय पर स्वरोजगार शुरू कर सके।

मुख्यमंत्री ने बैंकर्स को अवगत कराया कि वे पिछले तीन वर्षों से प्रदेश के वित्त मंत्री का प्रभार भी देख रहे हैं इसलिए उन्होंने बजट की बारीकियों को समझा है।

सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ प्री बजट बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और अच्टे सुझावों को बजट में शामिल भी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में 72 लाख से अधिक परिवारों का सत्यापित डाटा सरकार के पास उपलब्ध है। बैंकर्स भी केंद्र सरकार की मुद्रा तथा राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के तहत लोगों को ाण उपलब्ध कराने के लिए उस डाटा का उपयोग कर सकते हैं।

# स्पिन के विरुद्ध आक्रामकता अपनाएं कोहली : इरफान



नयी दिल्ली । पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में विराट कोहली को स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए देखना चाहते हैं।इरफान ने कहा, कोहली यह जरूर दिमाग में रखेंगे कि नेथन लायन और एश्टन आगर की स्पिन का कैसे जवाब देना है। उन्होंने हाल के दिनों में स्पिन के खिलाफ संघर्ष किया है। मुझे लगता है कि वह थोड़ा और आक्रमक हो सकते हैं क्योंकि स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट भी नीचे आ गया है।उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि हम टेस्ट क्रिकेट की बात कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी आपको स्पिन के सामने थोड़ा और आक्रमक होने की जरूरत होती है। यह आपको इस प्रतिद्वंदिता में बेहतर बना देगा, खासकर जब आप लायन जैसे गेंदबाजों का सामना कर रहे हों। उनका स्पिन पर शानदार काबू है, उनकी गेंद ज्यादा उछाल लेती है और वह गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज से दूर ले जाते हैं। तो यह एक चीज है जो कोहली को दिमाग में रखनी चाहिये।

भारत फिलहाल एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट की नंबर एक रैंकिंग वाली टीम है। रोहित शर्मा की टीम अगर नौ नवंबर से शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-1 से भी जीत लेती है तो वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में भी शीर्ष पर पहुंच जायेगी। यह सीरीज जीतकर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंच सकता है, जहां उसका सामना संभवतः ऑस्ट्रेलिया से ही होगा।इरफान पठान ने कहा कि डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों के लिये बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खास होगी और वे विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में से एक के खिलाफ टेस्ट में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने के लिये उत्सुक होंगे।पठान ने कहा, मुझे लगता है कि दबाव निश्चित रूप से है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना बहुत ही रोमांचक है। जब मैंने अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में खेला था, तो वह चैंपियन टीम थी। लेकिन मैं यह नहीं भूल सकता कि हमने वह टेस्ट मैच 21 साल बाद जीता था। तो इस तरह का इतिहास आप बनाते हैं और यह हमेशा आपके साथ रहता है। इसलिए मुझे लगता है कि वे खिलाड़ी भी ऐसा करना चाह रहे होंगे, जो उनके सामने आने वाली चुनौती के लिए बहुत उत्साहित होंगे।

## थाईलैंड ओपन के दूसरे चरण में भारतीय शटलर पस्त

बैंकॉक । थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे चरण में गुरुवार को भारत के युवा शटलरों का अभियान फीका पड़ गया।

भारत के लिये दिन की शुरुआत इशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी की हार के साथ हुई। इशान-तनीषा की जोड़ी को इंडोनेशिया के अकबर बिनतांग और मारशेला इस्लामी ने 21-19, 21-16 के सीधे गेमों में मात दी।

इसी बीच, किरण जॉर्ज अपने पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के ली चीक्यु से 22-20, 15-21, 20-22 से हार गये। भारत की अश्मिता चालिहा ने भी अपने महिला एकल मुकाबले का पहला गेम जीत लिया था, लेकिन अंततः वह डेनमार्क की होमार्क जार्सफेल्ट से 19-21, 21-13, 29-27 से हार गयीं।

दूसरी ओर, रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी चीन के फेंग यांज़े और हुआंग डोंगपिंग से 21-11, 21-10 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

# निष्पक्ष पिचें हों तो जीतेगा ऑस्ट्रेलिया : हीली



चेन्सलैंड । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली का मानना है कि अगर नौ फरवरी से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ह्यनिष्पक्षह्ल पिचों का प्रयोग किया जाये तो ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारत पर भारी होगा।

हीली ने सेनक्यू रेडियो के साथ बातचीत में गुरुवा को कहा, मुझे लगता है कि अगर वे निष्पक्ष पिचें बनायेंगे, जहां बल्लेबाजी करना आसान हो और मैच में आगे चलकर गेंद स्पिन होज. तो हम (ऑस्ट्रेलिया) जीतेंगे।

उन्होंने कहा, मुझे पहले टेस्ट में सिर्फ मिचेल स्टार्क और नेथन लायन की चिंता है। अगर वहां असमान विकेट हुए, जैसे कि हम पिछली श्रृंखला में देख चुके हैं जहां गेंद जरूरत से ज्यादा ही स्पिन होती है, तो वहां भारत बेहतर खेल सकेगा।

गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया नौ फरवरी से शुरू होने वाले टेस्ट में नागपुर में आमने-सामने होंगे। भारत ने इस मैदान पर 2017 में जब श्रीलंका की मेजबानी की थी तो रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने 20 में से 13 विकेट लिये थे।

हीली का मानना है कि पहली बार भारत आ रहे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को दबाव सहने और फील्डिंग में गलतियों से बचने की जरूरत है।

हीली ने कहा, मैं चाहता हूं कि खिलाड़ी बहुत जागरुक हों अगर वे उस दबाव (स्थानीय लोगों से) से बच रहे हैं और अपने कमरे में छिप रहे हैं तो उन्हें ऐसा करने से बचने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, भारत में 10 विकेट लेने के लिये आपको केवल दस मौके मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उछाल और गति के साथ आप 13 मौके बना सकते हैं और आप उनमें से एकाध छोड़ भी सकते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें उस दबाव को सहना होगा और वहां एक नीति के साथ खेलना होगा।

# राफेल वरेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

पैरिस ,। फ्रांस के अनुभवी डिफेंडर राफेल वरेन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। वरेन ने एक बयान जारी कर कहा, अपने खूबसूरत देश का एक दशक तक प्रतिनिधित्व करना मेरे लिये बेहद सम्मान की बात रही है। मैंने जब भी वह नीली जर्सी पहली तो मुझे गौरव का एहसास हुआ। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दांव पर लगाने, पूरे दिल से खेलने और अपनी टीम के लिये हर मैच जीतने की जरूरत महसूस की। मैं इस बारे में कई महीनों से सोच रहा हूं और मैंने फैसला लिया है कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का सही समय है।

वरेन ने अपने 10 साल के सुसज्जित करियर में 93 बार फ्रांस का प्रतिनिधित्व किया। साल 2013 में पदार्पण करने वाले वरेन सिर्फ 29 साल की उम्र में विश्व कप 2018 जीत चुके हैं और विश्व कप 2023 में उपविजेता रहे हैं। वह डिडिएर डेस्चैम्प्स की फ्रेंच टीम को 2020-21 सत्र में यूईएफए नेशन्स लीग का खिताब भी जिता चुके हैं।



मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर ने फ्रांस को पिछले साल कतर में लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने में मदद की, जहां उसे अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर मात दी।

गौरतलब है कि फ्रांस के विश्व कप विजेता गोलकीपर और कप्तान ह्यूगो लोरिस ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम देने की घोषणा की थी, जिसके बाद वरेन का यह बयान आया है। वरेन ने अपने बयान में कहा है कि यह युवा खिलाड़ियों के प्रतिभाशाली समूह को जिम्मेदारी सौंपने का समय है।

## शुभमन गिल ने तोड़ा विराट कोहली व रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

नई दिल्ली ,। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने टी-20 सीरीज जीतकर भारत की शान बढ़ाई दी है। वहीं शुभमन गिल ने विराट कोहली व रोहित शर्मा का रिकार्ड तोड़ दिया है। शुभमन ने टी-20 मैच में भी शतक जड़ दिया और 126 रनों की पारी के साथ टी-20 फॉर्मेट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस दौरान उन्होंने 63 बॉल में 12 चौके और 7 छक्के लगाए। गिल ने 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए, अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद तो मानो शुभमन गिल पूरी तरह से आउट ऑफ कंट्रोल हो गए थे और वह न्यूजीलैंड के बॉलर्स पर बरस पड़े।

शुभमन गिल को पहले कम स्ट्राइक रेट के लिए टोका जाता था और माना जाता था कि वह टेस्ट और वनडे के लिए ही बेहतर बल्लेबाज हैं लेकिन पिछले 3 महीनों में उन्होंने तीनों ही फॉर्मेट में शतक जड़ दिया है, यहां तक कि वनडे क्रिकेट में तो वह दोहरा शतक जड़ चुके हैं। ऐसे में 23 साल की उम्र में शुभमन गिल ने साबित कर दिया है कि उन्हें ऑल फॉर्मेट प्लेयर ही माना जाए।



टी-20 इंटरनेशनल में शुभमन गिल 126 रनों का सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।?उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत सभी दिग्गज भारतीयों को पीछे छोड़ दिया है। अब तक टी-20 इंटरनेशनल में सिर्फ? बल्लेबाज ही शतक लगा सके हैं।

यह प्लेयर गिल, कोहली, रोहित के अलावा सुरेश रैना, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल और दीपक हुड्डा हैं।

वहीं शुभमन गिल को भारतीय बल्लेबाजी की भविष्य कहा जा रहा है, उन्होंने ऐसा धमाल मचाया है कि अब उनसे उम्मीदें बढ़ने लगी हैं। अगर उनके पिछले तीन महीने के रिकॉर्ड को देखें तो गिल ने तीनों ही फॉर्मेट में सेंचुरी जड़ दी है और खुद को हर जगह साबित करके दिखाया है।ा

वहीं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने गिल को पहला टी-20 शतक लगाने के बाद इंस्टाग्राम पर बधाई दी। उन्होंने गिल को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए भविष्य का सितार बताया।

## फिल्मी सफर

# सिटाडेल के हिंदी संस्करण से सामंथा रुथ प्रभु का फर्स्ट लुक जारी

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन लंबे वक्त से अपने आगामी प्रोजेक्ट सिटाडेल फ्रैंचाइजी की भारतीय ओरिजिनल सीरीज को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आएंगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने अब सामंथा का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मिशन जारी है। हमने सिटाडेल की भारतीय किस्त के लिए रोल करना शुरू कर दिया है। यह प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकी ड्रामा सीरीज सिटाडेल का देसी संस्करण होगा। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु वरुण धवन के साथ सिटाडेल ब्रह्मांड की भारतीय किस्त, प्राइम वीडियो और रूसो ब्रदर्स की एजीबीओ की वैश्विक-इवेंट श्रृंखला में अभिनय करेंगे। यह सामंथा के लिए घर वापसी है। सामंथा ने कहा, जब प्राइम वीडियो और राज एंड डीके ने इस परियोजना के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मैंने इसे दिल की धडक़न लेने का फैसला किया! द फैमिली मैन पर इस टीम के साथ काम करने के



बाद, यह मेरे लिए घर वापसी जैसा है। उन्होंने कहा, सिटाडेल ब्रह्मांड, दुनिया भर में प्रस्तुतियों के बीच परस्पर जुड़ी हुई कहानी, और सबसे महत्वपूर्ण, भारतीय किस्त की पटकथा ने मुझे वास्तव में उत्साहित किया। मैं रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ द्वारा परिकल्पित इस शानदार ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हूं। अभिनेत्री ने कहा कि वह इस परियोजना पर पहली बार वरुण धवन के साथ काम करने की भी इच्छुक हैं। भारत से बाहर आधारित इस शीर्षकहीन सिटाडेल सीरीज को प्रसिद्ध निर्माता जोड़ी राज और डीके द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो शो रनर और निर्देशक हैं। स्थानीय किस्त को सीता आर. मेनन ने राज और डीके के साथ मिलकर लिखा है। स्ट्रीमिंग सेवा ने यह भी पुष्टि की कि उत्पादन वर्तमान में मुंबई में चल रहा है। इसके बाद, यूनिट उत्तर भारत और फिर सर्बिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर जाएगी। निर्माताओं ने कहा, हम सामंथा के साथ एक बार फिर से काम करने के लिए बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने प्राइम वीडियो पर द फैमिली मैन के साथ अपने डिजिटल डेब्यू की शुरुआत की थी और आज वह इंडस्ट्री में सबसे प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक हैं।

## कमल हासन ने शुरू की इंडियन 2 की शूटिंग, हेलीकॉप्टर से पहुंचे गंडिकोटा

दिग्गज अभिनेता कमल हासन मौजूदा वक्त में अपनी साल 1996 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसक एक बार फिर सुपरस्टार को सेनापति के रूप में देखने के लिए बेताब हैं। एस शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग के लिए अब कमल हेलीकॉप्टर से तिरुपति से गंडिकोटा पहुंच चुके हैं। उनका एक वीडिया भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इसमें काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, गुलशन ग्रोवर, प्रिया भवानी शंकर, समुथिरकानी, बॉबी सिम्हा, गुरु सोमसुंदरम, दिल्ली गणेश, जयप्रकाश और वेनेला किशोर जैसे कलाकार भी शामिल हैं। वहीं कुछ दिनों पहले रकुल प्रीत सिंह ने पुष्टि की थी कि वह इंडियन 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।


# छोटी सी रेड ड्रेस पहने मोनालिसा ने शेयर की हॉट फोटो, ब्रालेस ट्रांसपेरेंट लुक देख फैंस हुए हैरान



एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने स्टाइलिश अंदाज से फैंस के बीच सुर्खियों में रहती हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने रेड कलर की शॉर्ट रेड ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। नजर टीवी शो से हर घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने हॉट और सेक्सी लुक्स को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की बेहद ही हॉट एंड सेक्सी तस्वीरें शेयर करी हैं। मोनालिसा ने इन तस्वीरों में रेड कलर की बेहद ही टाइट ड्रेस पहनी हुई है जिसमें उनका कर्वी फिगर फैंस के बीच कहर बरपा रहा है। अभिनेत्री का ये आउटफिट इतना ज्यादा डीप नेक है जिसेमें सब कुछ कैमरे में दिखाई दे रहा है और ये ही नहीं मोनालिसा कैमरे के सामने क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुईं बिंदास पोज देते हुए नजर आ रही हैं। मोनालिसा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है कुछ लोग उनकी इन तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिख रहे हैं- हॉटनेस तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- उफ्फ स्टनिंग यू ब्यूटिफुल।

# धमाकेदार कॉन्टेंट के साथ ओटीटी पर आ रहीं वाणी कपूर




कई दिनों से एक्ट्रेस वाणी कपूर बड़े पर्दे से गायब हैं। लेकिन अब वो ओटीटी पर अपने नए अंदाज में आ गई हैं। वह फिलहाल सातवें आसमान पर हैं। हमें ट्रेड के करीबी सूत्रों से पता चला है कि वाणी एक वेब शो करने के लिए तैयार हो रही हैं। शो को यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) बना रहे हैं और मर्दानी के लेखक गोपी पुथरान मेगाफोन इसमें साथ देंगे। वाणी और गोपी ने शो में काम करना शुरू कर दिया है। एक्ट्रेस ने उनके साथ स्क्रिप्ट को लंबे समय तक पढ़ा है।

गोपी ने आदित्य चोपड़ा को वाणी कपूर का नाम सुझाया और आदित्य ने अंतिम सहमति दी। इसकी शूटिंग जल्द शुरू होगी। शो का एक बड़ा हिस्सा मुंबई में शूट किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, वाणी केवल उन प्रोजेक्ट की तलाश में हैं जहां वह याद रखने के लिए एक प्रदर्शन दे सकें। उन्हें एक चुनौती पसंद है और वह अपनी एक्टिंग में पूरी तरह से उतरती हैं। उन्होंने चंडीगढ़ करे आशिकी में यह शानदार प्रदर्शन किया। सूत्र ने आगे कहा, जबकि वह थिएटर को तरजीह देती हैं, वह खुद को अच्छे डिजिटल प्रोजेक्ट्स में देखती हैं। यह एक किरकिरा, धारदार क्राइम थ्रिलर है जिसे वाईआरएफ बना रहा है।

# सेल्फी का पहल गाना मैं खिलाड़ी जारी, इमरान हाशमी ने 10 दिनों तक की रिहर्सल

इमरान हाशमी और अक्षय कुमार मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं। यह 24 फरवरी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म से पहला गाना मैं खिलाड़ी जारी कर दिया है। इस गाने में इमरान और अक्षय एक साथ थिरकते नजर आ रहे हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने अक्षय के साथ मैं खिलाड़ी में कदम मिलाने के लिए 10 दिनों तक रिहर्सल की है। काले चश्मे और काली पतलून के साथ बहु-पैटर्न वाली सीक्विन जैकेट के साथ इमरान हमें 70 के दशक का एहसास दे रहे हैं। गाने के अनूठे मूव्स फिल्म देखने के लिए सिनेमा हॉल जाने के लिए काफी हैं। जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था तो सबसे ज्यादा इमरान के किरदार की चर्चा हुई थी। नेटिज़न्स उसे एक पुलिस वाले के किरदार को निभाते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। एक सूत्र ने खुलासा किया कि



इमरान ने अक्षय के ऊर्जा स्तर से मेल खाने के लिए और डांस को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सेल्फी का निर्देशन राज मेहता ने किया है। फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन ने किया है। इमरान हाशमी और अक्षय कुमार पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे जिसने फिल्म की चर्चा भी बढ़ा दी है। फिल्म में डायना पेंटी और नुसरत भरुचा भी हैं। यह मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की हिंदी रीमेक है, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com